हरिभूमि
# धमतरी भूमि
रायपुर, सोमवार 29 सितंबर 2025

तापमान
अधिकतम 31 डिग्री
न्यूनतम 25 डिग्री

[ कुरुद | सिर्री | जीजामगांव | नगरी | मगरलोड ]

13 नवनिर्मित भवनों में नहीं बना वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम



16 पंडालों एवं मंदिरों में आज महाअष्टमी हवन



## नवरात्रि विशेष



### सप्तमी : कालरात्रि

माता दुर्गा की सातवीं शक्ति कालरात्रि नाम से विख्यात है। सातवें नवरात्रि की मां कालरात्रि के पूजन का विधान है। मां का यह स्वरूप अत्यंत भयानक है। इनके शरीर का रंग घने अंधकार की तरह काला है। सिर के बाल बिखरे हुए हैं। गले में बिजली की भांति चमकने वाली माला है। लेकिन मां का यह रुप सदैव शुभ फल देने वाला है। इसी कारण इनका एक नाम शुभंकरी भी है। मां कालरात्रि अपने भक्तों को दुष्टों से बचाने वाली है। कालरात्रि मां ग्रह बाधा को दूर भगाती है। मनुष्य को मन से कालरात्रि की अवश्य करना चाहिए। मां कालरात्रि उपर से उठे हुए दाहिने हाथ अभयमुद्रा में है। बांया तरफ के उपर वाले हाथ में लोहे का कांटा और नीचे वाले हाथ में खडग है। माता के इस रुप की पूजा करने वाले भक्त का मन सहस्रार चक्र में स्थित रहता है। मां की पूजा मात्र से भक्तों के सारे कष्ट दूर होने लगते हैं। उसके लिए ब्रह्मांड की संपूर्ण सिद्धियों के द्वार खुलने लगते हैं। इनकी पूजा करने वाले को अग्नि भय, जल भय, शत्रु भय, रात्रि भय कभी नहीं होते। इन मां की कृपा से भक्त सर्वथा भय से दूर रहता है। मां कालरात्रि भक्तों को सदैव सुख देने वाली है। इनकी उपासना का श्लोक है-

एकवेणी जपाकर्णपूरा नग्ना खरास्थिता।
लम्बोष्ठी कर्णिकाकर्णी तैलाभ्यक्तशरीरिणी।।
वामपादोल्लसल्लोहलताकण्टकभूषणा।
वर्धनमूर्धध्वजा कृष्णा कालरात्रिर्भयंकरी ।।

## जमीन के दाम कई गुना बढ़े लेकिन खरीदी बिक्री पुराने दर पर

# जमीन की खरीदी बिक्री में शासन को लग रहा चूना

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

पांच साल में जमीन के सरकारी दाम तो नहीं बढ़े हैं, लेकिन इसका मार्केट रेट दो गुना हो चुका है। बायपास रोड में जमीन का मार्केट रेट 50 गुना ज्यादा बढ़ गया है। वहीं रूद्री सहित शहर के प्राइम लोकेशन में जमीन के दाम दो से तीन गुना बढ़ गया है। विडंबना यह है जमीन की रजिस्ट्री आज भी छह साल पुराने दाम पर हो रही है। इससे शासन को हर साल करोड़ों रुपए का नुकसान हो रहा है।

जिले में जमीन का कारोबार खूब फल फूल रहा है। सुरक्षित और कई गुना ज्यादा इनकम देने वाला व्यवसाय होने के कारण भू माफिया जमीन में खूब इनवेस्ट कर रहे हैं। जमीन से कमाई का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि रूद्री रोड जहां पर 20 साल पहले जमीन को कोई पूछने वाला नहीं था, वहां जमीन का छोटा सा तुकड़ा भी सोने के भाव बिक रहा है। मेन रोड से लगी जमीन की कीमत तो आसमान छू रही है। यहां पर जमीन की कीमत 7700 से 8000 हजार रुपए तक स्वेकर फीट बिक रही है। यानि यदि किसी व्यक्ति को मेन रोड में घर या दुकान बनाना है तो एक करोड़ रुपए तो जमीन में फूंकना पड़ेगा। कॉलोनी के भीतर जमीन की कीमत कम है। कॉलोनियों के अंदर घर बनाने के लिए व्यक्ति को जमीन को 10 से 15 लाख रुपए में खरीदना होगा। इस एरिया में महंगाई देखते हुए लोगों ने यहां पर जमीन खरीदने में रुचि लेनी बंद कर दी है। जमीन के दाम बढ़ने से जमीन के व्यवसाय से जुड़े लोगों की अच्छी कमाई हो रही है, लेकिन इस कमाई में सरकार को ट्रैक्स देने में कंजूसी की जा रही है। वैसे भी जमीन की खरीदी बिक्री में शासन द्वारा छह साल पुराने दर पर रजिस्ट्री शुल्क वसूला जा रहा है। इस शुल्क को पटाने में कंजूसी बरती जा रही है। जमीन के दाम बढ़ने के बाद भी खरीदी बिक्री में गाइड लाइन में निर्धारित शुल्क ही पटाया जा रहा है। वहीं गाइड लाइन के ऊपर की राशि नगद या अन्य माध्यम से चुकता किया जाता है।



### बायपास में महंगाई चरम पर

एक समय था जब खपरी, अर्जुनी, तेलिनसत्ती, मुजगहन सहित अन्य गांवों में जमीन की कीमत 8-9 लाख रुपए प्रति एकड़ थी। आज यहां पर कीमत 20 लाख रुपए से अधिक हो चुकी है। बायपास रोड में जमीन की कीमत 5 करोड़ रुपए एकड़ से अधिक हो चुकी है। यहां जमकर जमीन की खरीदी बिक्री हो रही है, लेकिन रजिस्ट्री शुल्क वही पुराने दर पर पटाया जा रहा है। रजिस्ट्री में उल्लेखित राशि के बाद बची हुई राशि के लिए बाकायदा स्टाम्प पेपर के माध्यम से लिखा पढ़ी हो रही है।

### कई गुना कमाई

रूद्री रोड सहित प्राइम लोकेशन की अधिकतर जमीन को जमीन कारोबारियों ने पहले ही एकड़ के भाव से खरीद लिया है। अब प्लाटिंग कर इस जमीन को तुकड़ों में बेचा जा चुका है। इन स्थानों पर जमीन की डिमांड काफी अधिक है। कई सामान्य लोगों ने तो इंवेस्ट के नाम पर जमीन का तुकड़ा खरीदा है। ये छोटे इंवेस्टर रुपयों की जरूरत पड़ने पर इसे महंगे दाम में दूसरों को बेच देते हैं। स्थिति यह है कि इन स्थानों पर एक ही जमीन की कई बार खरीदी बिक्री हो चुकी है। इसलिए दाम बढ़ते बढ़ते कई गुना ज्यादा हो चुके हैं।

# शारदीय नवरात्र में गंगरेल पर्यटन हुआ गुलजार

- देवी दरबार से लेकर पर्यटन स्थलों में खचाखच भीड़ रही

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

गंगरेल में रविवार को श्रद्धालुओं तथा पर्यटकों का सैलाब उमड़ पड़ा। शारदीय नवरात्र पर्व में जहां मां अंगारमोती के दरबार में पैर रखने की जगह नहीं थी, वहीं लबालब हो चुके गंगरेल बांध का नजारा लेने, वाटर स्पोर्टस का रोमांच और ग्रीन एडवेंचर पार्क का सौंदर्य निहारने पर्यटकों की भीड़ उमड़ी रही थी। सैकड़ों चारपहिया वाहनों से गंगरेल के सभी पार्किंग हाउसफुल हो गए। वाहनों के जाम से आवागमन घंटों बाधित रहा। रूद्री थाना प्रभारी सहित पुलिसबल के खूब मशक्कत के बाद यातायात बहाल हो पाया।

मां अंगारमोती के पुजारी ईश्वर नेताम ने बताया कि माता के दरबार में रिकार्ड 5300 से अधिक सर्व मनोकामना ज्योति प्रज्वलित हुई है। माता की प्रसिद्धि लगातार बढ़ रही है। रविवार को अवकाश का दिन सुबह से श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। प्रवेश द्वार से लेकर माता स्थल तक पांच पांच लाईन में हजारों श्रद्धालु दर्शन के लिए लाईन पर खड़े थे। रोजाना दर्जनभर गांवों से जसगीत की टोलियां सेवा देने पहुंच रही है। ट्रस्ट के अध्यक्ष जीवनराखन लाल मरई व अन्य पदाधिकारी, कार्यकर्ता दिन रात व्यवस्था में जुटे हुए हैं।



### पांच गेटों से पानी छूटने का खूबसूरत नजारा



रविवार शाम 5 बजे जलभराव खतरे के निशान से 22 सेमी नीचे था। बांध में पानी की आवक 17642 क्यूसेक हो रही थी, वहीं गंगरेल बांध के मुख्य पांच गेटों तथा पेनस्टाक गेट से 12100 क्यूसेक पानी छोड़ा जा रहा था। गंगरेल कंट्रोलरूम से प्राप्त जानकारी के अनुसार 6 नंबर गेट से 1925 क्यूसेक, 7 नंबर गेट से 2475, 8 नंबर गेट से 2475, 9 नंबर गेट से 1925 तथा 10 नंबर गेट से 1650 क्यूसेक पानी छोड़ा जा रहा है। बिजली निर्माण वाले पेनस्टाक गेट से 1650 क्यूसेक पानी छोड़ा जा रहा है। मुख्यनहर में 4 हजार तथा महानदी में 8 हजार क्यूसेक पानी छोड़ा जा रहा है।

### वाटर स्पोर्टस का रोमांच



लबालब भरे बांध में वाटर स्पोर्टस का रोमांच लोगों को खूब भा रहा है। मिनी गोवा में अब अलग अलग दो वाटर स्पोर्टस का संचालन हो रहा है। एक कंपनी द्वारा तथा एक स्थानीय समिति के माध्यम से बोटिंग सेवा दी जा रही है। यहां जेस्की, वाटरबोट, स्पीडबोट, क्रूज बोट का मजा लेने सैलानियों की भीड़ उमड़ी रही।

### ग्रीन एडवेंचर पार्क गुलजार हुआ



ग्रीन एडवेंचर पार्क के ओम निषाद बताते हैं कि रविवार को गंगरेल पर्यटन सैलानियों से खचाखच भरा रहा। उनके गार्डन से 14 गेटों का दृश्य देखने, बच्चों के विभिन्न गेम्स, पिकनिक स्पाट तथा रेस्टोरेंट की सुविधा है। यहां बड़ी संख्या में सैलानी गार्डन घूमने पहुंच रहे है।

## खबर संक्षेप

### शिक्षाकर्मी भर्ती घोटाला में एक और गिरफ्तार

**धमतरी।** पुलिस ने फिर शिक्षाकर्मी फर्जीवाड़ा मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस अन्य आरोपियों को भी तलाश रही है। वहीं तीन आरोपियों ने जिला न्यायालय में जमानत के लिए आवेदन दिया है, जिस पर सुनवाई सोमवार को होगी। मगरलोड में हुए शिक्षाकर्मी भर्ती फर्जीवाड़ा में लगातार कार्रवाई हो रही है। पुलिस ने शनिवार को एक अन्य आरोपी बुधराम को गिरफ्तार किया है। वे तत्कालीन पंचायत उपनिरीक्षक और शिक्षाकर्मी भर्ती में छानबीन समिति के सदस्य थे। अब वे रिटायर हो चुके हैं। पुलिस ने उन्हें कुरूद क्षेत्र के ग्राम मौरीकला से गिरफ्तार किया है। वहीं तीन आरोपियों ने फिर जिला सत्र न्यायालय में जमानत के लिए आवेदन किया है, जिस पर सुनवाई सोमवार को निर्धारित है।

### गंगरेल में पखवाड़े भर से दंतैल का डेरा

**धमतरी।** पखवाड़े भर से गंगरेल पर्यटन क्षेत्र में एक हाथी का विचरण हो रहा है। दंतैल के साये के बीच मां अंगारमोती के दरबार में शारदीय नवरात्रि पर्व धूमधाम से मनाया जा रहा है। हाथी निगरानी में वनविभाग की दो टीम तैनात है। वहीं मंदिर समिति ने भी अपने 20 से अधिक वालेंटियर निगरानी के लिए लगा रखे हैं। नवरात्र के तीन रात में हाथी देवी दरबार के आसपास विचरण किया, लेकिन किसी प्रकार का उपद्रव नहीं किया। रविवार को सिंगल दंतैल हाथी विश्रामपुर के जंगल से वापस तुमराबहार सीओ प्लाट में आ गया है। फसल हानि के पांच प्रकरण सामने आए है। तुमराबहार, विश्रामपुर, डांगीमाचा, खिरकीटोला, गंगरेल मरादेव, अंगारमोती माता मंदिर को हाई अलर्ट किया गया है। वहीं आसपास के दर्जनभर गांवों को अलर्ट किया गया है।

# बारिश से खेतों में तबाही का मंजर

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

किसानी के अंतिम चरण में हो रही बारिश किसानों को खून के आंसू रूला रही है। खेतों में खड़ी फसल चटाई बन गई है। लगातार बारिश से खेत लबालब हो गए हैं, जिससे फसल पानी में डूब गई है। पौधों के सड़ने का खतरा बना हुआ है। वहीं कीट प्रकोप भी काफी बढ़ गया है।

आमतौर पर मानसून सितंबर माह के अंतिम दिनों में लौटने की कगार पर होता है पर इस बार मानसून कुछ ज्यादा ही मेहरबान है। पूरे सीजन में तो अच्छी बारिश हुई। अब मानसून की विदाई के समय में भी पूरा अंचल तरबतर हो रहा है। मौसम का यह मिजाज किसानों के लिए किसी मुसीबत से कम नहीं है। हवा, बारिश से फसल चटाई की तरह खेतों में बिछ गई है। स्थिति यह है कि लगातार बारिश होने से खेतों से पानी की निकासी नहीं हो रही है, जिससे फसल पानी में डूबी हुई है। इससे फसल के सड़ने का खतरा बना हुआ है। किसान युवराज शर्मा, खेमराज सिन्हा ने बताया कि खेत से पानी निकल भी जाता है तो भी नुकसान तय है। खेतों में नमी है जिसके असर से फसल खराब होगी। वे फसल को बचाने के लिए खेतों से पानी निकाल रहे हैं। ऐसे में फसल पूरी तरह से पक भी नहीं पाएगी।

## खेतों में चटाई बनी फसल, पानी निकासी भी नहीं, सड़ने का खतरा



### कीट प्रकोप से किसान हलाकान

किसान फगेंद्र साहू ने बताया कि लगातार मौसम के खराब होने से दवाई काम नहीं कर रही है। खेतों में माहू का प्रकोप शुरू हो गया है। स्थिति यह है कि वे 6 बार दवा का छिड़काव कर चुके हैं। इसके बाद भी माहू खत्म नहीं हुआ है। कई जगहों पर फसल को माहू ने पूरी तरह से खराब कर दिया है। किसान खेमराज, युवराज, बंशी साहू ने बताया कि उनके खेतों में पेनिकल माइट का प्रकोप काफी अधिक है। दवा छिड़काव करने के बाद भी माइट का असर कम नहीं हुआ है। इससे फसल की बालियां सूख रही है। आधी फसल चौपट हो गई है।

### लागत बढ़ी, उत्पादन कम

धान की खेती में साल दर साल लागत बढ़ती जा रही है। खाद और दवा का खर्च ही प्रति एकड़ 12 हजार रुपए से अधिक जा रहा है। जबकि उत्पादन लगातार घट रहा है। किसानों ने बताया कि समर्थन मूल्य प धान बिकने से राहत है, लेकिन बाजार में धान बेचने पर किसानों को घाटा उठाना पड़ रहा है। यही कारण है कि धीरे धीरे किसान धान की खेती से तौबा कर रहे हैं। अधिकांश किसान इस साल चना, गेहूं आदि फसल लगाने के मूड में हैं।

चरणों में आपके सर नवाते रहेंगे, संस्कारों को आपके निभाते रहेंगे,
गुजारिश है आपसे, सदा कृपा बनाए रखना, हृदय के सुमन हम चढ़ाते रहेंगे।



श्रद्धांजलि
स्व. श्री राधेश्याम साहू (आर्य)
रिटायर्ड लेक्चरर (गणित) शा. बालक उ.मा.वि. धमतरी
निवासी : बागतराई, जिला धमतरी
आपका जीवन शैक्षणिक कार्य एवं कृषि व्यवसाय के साथ-साथ समाजसेवा के लिए प्रेरणा का प्रतीक था।
आपने अपनी मेहनत और दयालुता से हर किसी का दिल जीता, आपकी याद हमेशा हमारे दिलों में जीवित रहेगी और हम आपके आदर्शों को आगे बढ़ाने का संकल्प लेते हैं
हमारे प्रेरणा पुंज एवं मार्गदर्शक
पूज्य पिताजी की स्मृति में अश्रुपूरित विनम्र
श्रद्धांजलि एवं शत्-शत् नमन
स्व.श्री राधेश्याम साहू
जन्म : 18.02.1951 स्वर्गवास : 17.09.2025
- श्रद्धानवत -
पंकज प्रकाश-खेमिन, ललित नारायण-रोशनी (पुत्र-पुत्रवधु)
विजयलक्ष्मी-भरतभूषण (पुत्री-दामाद), देवेशकुमार-संध्या (पुत्र-पुत्रवधु)
वेदप्रकाश, सत्यप्रकाश, आदित्य, आयुष, आर्यवीर, शौर्यवीर (पौत्र) सानवी (पौत्री) साक्षी, प्राची (नातिन)
एवं समस्त परिवार - रिश्तेदार लक्ष्मी निवास के पास, कृदत्त कालोनी, गोकुलपुर, धमतरी



## खबर संक्षेप

### मंत्री खुशवंत से पुलिया और फोरलेन की मांग

**नगरी।** नगरवासियों ने मंत्री गुरु खुशवंत साहेब को वार्ड क्रमांक 14 एवं 15 में पुलिया निर्माण कार्य के लिए एक मांग पत्र सौंपा। नागरिकों ने बताया कि यहां पुलिया निर्माण की लंबे समय से आवश्यकता महसूस की जा रही है। बरसात के दिनों में आवागमन बाधित होने से लोगों को असुविधा का सामना करना पड़ता है। इसी कड़ी में नगर के विकास को गति देने के लिए नगर में फोरलेन निर्माण की भी मांग की गई। प्रतिनिधिमंडल ने मंत्री से आग्रह किया कि फोरलेन सड़क निर्माण होने से नगरी क्षेत्र का व्यापार, शिक्षा, स्वास्थ्य एवं अन्य विकास कार्यों को नई दिशा मिलेगी और यह क्षेत्र आर्थिक एवं सामाजिक दृष्टि से और अधिक प्रगति कर सकेगा। मंत्री ने भरोसा दिलाया कि इस विषय को शासन स्तर पर प्राथमिकता के साथ लिया जाएगा तथा जनहित में आवश्यक निर्णय शीघ्र लिया जाएगा।

### दिव्यांगों की हक का बंदरबाट : दीक्षित

**धमतरी।** समाज कल्याण विभाग के आड़ में असहाय, बेसहारा दिव्यांगों की बजट पर शासन स्तर के नेता और अधिकारी धन का आहरण कर अपने घर सजा रहे हैं। वहीं दिव्यांगों की पेंशन भत्ता और प्रशिक्षण पर खर्च होने वाली राशि, उपकरण शिष्यवृत्ति कृत्रिम अंग आदि योजना नाम मात्र का है। अन्य प्रदेशों की तुलना में पेंशन और भत्ता छग में ऊंट के मुंह में जीरा के समान है। आधे से अधिक बजट की राशि नेताओं और अधिकारियों के सुख सुविधा में चला जाता है और प्रदेश के आठ प्रतिशत दिव्यांग जन सड़कों पर घसीट रहे हैं। दिव्यांग अधिकारी कर्मचारी कल्याण संघ के प्रांताध्यक्ष सीएम दीक्षित, महेश साहू, आशीष शर्मा, रवि पटेल तथा घनशयाम सिंह साहू ने ऐसे नेताओं और अधिकारियों पर सीबीआई जांच की मांग की है।

छत्तीसगढ़ में यूसीसी राष्ट्र निर्माण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम : प्रो. संजीव

# समान नागरिक संहिता लागू कराने सर्व समाज ने कमर कसी

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी




सर्व समाज समन्वय महासभा, छत्तीसगढ़ ने राज्य में समान नागरिक संहिता (यूसीसी) लागू करने की दिशा में कार्य प्रारंभ कर दिया है। उल्लेखनीय है कि वर्ष 2023 में जब केंद्र सरकार द्वारा यूसीसी की प्रस्तावना रखी गई थी, तब छत्तीसगढ़ प्रदेश में महासभा द्वारा विभिन्न समाजों की बैठकों के उपरांत सर्वसम्मति से निर्णय लेकर प्रधानमंत्री जी को सामाजिक सहमति प्रदान की गई थी।

इसी तारतम्य में प्रदेशाध्यक्ष प्रोफेसर संजीव वशिष्ठ के नेतृत्व में महासभा द्वारा धमतरी जिले में दो महत्वपूर्ण सामाजिक बैठकों का आयोजन किया गया। विगत दिनों आयोजित द्वितीय बैठक में प्रो. वशिष्ठ ने अपने उद्बोधन में कहा कि अब छत्तीसगढ़ में यूसीसी राष्ट्र निर्माण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम होगा। बैठक में विशेष अतिथि के रूप में उत्तराखंड से आईं गुरुमां साध्वी रेनुका ने समाज को संबोधित करते हुए बल दिया कि एक देश, एक कानून की आवश्यकता आज सर्वाधिक है इसे जल्द ही लागू किया जाना चाहिये। इस अवसर पर प्रांताध्यक्ष (नारीशक्ति महासभा) श्रीमती लता ऋषि चंद्राकर ने भी लोगों को संबोधित किया। संयोजक दिलीप पटेल एवं जिला अध्यक्ष श्रीमती पद्मिनी चंद्राकर ने कार्यक्रम का संचालन किया।

इस अवसर पर हरजिंदर छाबड़ा, नारीशक्ति महासभा के जिला सचिव चन्द्रकला पटेल, सर्व समाज के ईश्वरी पटवा, चित्ररेखा निर्मलकर, श्यामा पटेल, बिमला पटेल, रेणुका नाडेम, डाली सोनी, रूखमणी सोनकर, संजय देवांगन, हेमलाल पटवा, तारा साहू, अहिल्या देवांगन, पुष्पा सिन्हा, जानकी पटेल, लक्ष्मी सिन्हा, पदमनी पटेल आदि उपस्थित थे। सभी ने छत्तीसगढ़ राज्य में यूसीसी लागू करने का एकमत समर्थन किया।

## पं. दीनदयाल उपाध्याय जयंती पर प्रतिभाओं का हुआ सम्मान



हरिभूमि न्यूज ⏭ मगरलोड

पं. दीनदयाल उपाध्याय जयंती पर भाजपा द्वारा सेवा पखवाड़ा के तहत कुरुद विधानसभा स्तरीय प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन भाजपा कार्यालय कुरुद में किया गया। क्षेत्र के विभिन्न क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वालों को विधायक अजय चंद्राकर ने शाल, श्रीफल, मोमेंटो भेंटकर सम्मानित किया। ग्राम करेली बड़ी से सुखीराम साहू सेनि प्रधानपाठक को शिक्षा, समाज सेवा, मंच संचालन, काव्य पाठ के लिए तथा श्रीमती अर्चना साहू को भजन एवं गीत गायन के लिए, जितेन्द्र पाल को नवाचारी शिक्षक के लिए, चोवाराम साहू को मशरुम उत्पादन के लिए सम्मानित किया गया।

## मंत्री गुरु खुशवंत साहेब से की इंजीनियरिंग कॉलेज की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी



हिन्दू जागरण मंच धमतरी समाजिक जागरूकता के साथ साथ युवाओं के लिए रोजगार व स्वालंबन की दिशा में भी कार्य कर रही है। इसी तारतम्य में गत दिवस कौशल विकास तकनीकी शिक्षा एवं रोजगार अनुसूचित विकास विभाग मंत्री गुरु खुशवंत साहेब का नगर आगमन हुआ। प्रवास के दौरान हिन्दू जागरण मंच ने अपनी मांगे रखी। उन्होंने कहा कि हमें शिक्षा जगत में अपने वेद पुराण शास्त्र में निहित ज्ञान को व्यापक प्रचार प्रसार कर गहन चिंतन मनन करते हुए, राष्ट्रीय पाठ्यक्रम में शामिल कर छत्तीसगढ़ के साथ जिले में युवाओं को तकनीकी शिक्षा मिले कौशल आधारित रोजगार का प्रशिक्षण मिलना चाहिए। इसी उद्देश्य से धमतरी में तकनीकी शिक्षा महाविद्यालय अर्थात इंजीनियरिंग कॉलेज की अत्यंत आवश्यकता है। तकनीकी शिक्षा से जिले के युवाओं को छत्तीसगढ़ साथ देश में अलग पहचान मिलेगी आस पास के जिलों को भी लाभ मिलेगा। हिन्दू जागरण मंच धमतरी प्रांत युवा प्रमुख दीपक सिंह ठाकुर के प्रतिनिधित्व में अतिथि गृह में तकनीकी शिक्षा मंत्री गुरु खुशवंत साहेब से सकारात्मक चर्चा कर मांग रखी गई।

इस अवसर पर जिला सह संयोजक चित्रेश साहू, डाकेश्वर साहू, प्रतीक सोनी, सनत साहू, जिला युवा आयाम सत्यम सिन्हा, कोमल संभाकर आदि उपस्थित थे।

# सरकार की योजनाएं अंतिम छोर तक पहुंच रही : प्रकाश





हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी

पीएमश्री श्रृंगी ऋषि उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में निःशुल्क साइकिल का वितरण किया गया। इस अवसर पर छात्राओं के चेहरे पर उत्साह और उमंग स्पष्ट दिखाई दी। मुख्य अतिथि भाजपा जिला अध्यक्ष प्रकाश बैस ने कहा कि छग सरकार की योजनाएं अब अंतिम छोर तक पहुंच रही हैं। छात्राओं को साइकिल वितरण न सिर्फ शिक्षा की राह को सरल बनाएगा बल्कि आत्मनिर्भरता और आत्मविश्वास भी बढ़ाएगा। प्राचार्य ने कहा कि सुदूर अंचल से पढ़ाई करने आने वाली बालिकाओं के लिए यह योजना वरदान साबित होगी। मौके पर नपं नगरी अध्यक्ष बलजीत छाबड़ा, जपं नगरी उपाध्यक्ष हृदय साहू, जनभागीदारी समिति अध्यक्ष कमल डागा, पूर्व नपं अध्यक्ष नागेंद्र शुक्ला, भानेंद्र ठाकुर, खेमेंद्र साहू, राजा पवार, अश्वनी निषाद, शंकरदेव, चेलेश्वरी साहू, डाकेश्वरी साहू, अंबिका ध्रुव, अल्का साव, मिक्की गुप्ता, जयंती साहू सहित अनेक जनप्रतिनिधि और गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

## साइकिल मिलने से बालिकाओं की राह हुई आसान : मोनिका



**धमतरी।** शासकीय हाईस्कूल कलारतराई में बालिकाओं को साइकिल प्रदान की गई। इस अवसर पर मुख्य अतिथि जिला पंचायत सभापति श्रीमती मोनिका देवांगन ने कहा कि निःशुल्क सरस्वती साइकिल योजना बालिकाओं के लिए सरकार की महत्वाकांक्षी योजना है। बिना किसी परेशानी की हमारी बेटियां अपनी पढ़ाई को निरंतर जारी रख सकती हैं। इस अवसर सरपंच ध्रुव, उपसरपंच माधवेन्द्र हिरवानी, डॉ गजेंद्र साहू बंजारी सरपंच, टिकेश्वरी ध्रुव, शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष निर्मल ध्रुव समेत अन्य उपस्थित थे।

## खर्रा में मनाई गई पंचमी माता का किया श्रृंगार



**सिर्री।** जागृति नवदुर्गा उत्सव समिति मानस चौक खर्रा द्वारा ग्रामीणों के सहयोग से माता की प्रतिमा स्थापित की गई है। 27 सितंबर को पंचमी मनाई गई। इस दौरान माता का विशेष श्रृंगार किया गया। माता की सेवा में समिति के सदस्य जुटे हुए हैं।

## भुसरेंगा स्कूल के छात्रों ने खीर-पूड़ी, भजिया का लिया लुत्फ

- व्याख्याता ने अपने जन्मदिन पर शाला में न्योता भोज दिया

हरिभूमि न्यूज ⏭ डांडेसरा(धमतरी)



शासकीय माध्यमिक शाला भुसरेंगा में श्रीमती एस केसरिया व्याख्याता द्वारा अपने जन्मदिन के अवसर पर शाला में न्योता भोजन का आयोजन किया गया। इस दौरान बच्चों को खीर-पूड़ी, भजिया, चॉकलेट, आचार, पापड़ खिलाया गया। अतिथि टिकेश्वर साहू पीएसजी कर्मचारी डांडेसरा ने कहा कि स्कूलों में केवल शिक्षा ही नहीं है बल्कि स्कूल में जीवन की सुविधाएं, प्राकृतिक एवं शांत वातावरण, संपूर्ण सुरक्षा, स्वक्षा, फ्रेंडली जैसा माहौल और स्वादिष्ट पौष्टिक भोजन की सुविधाएं होनी चाहिए, जो यहां के स्कूल में है।

माध्यमिक शाला के प्रभारी प्रधानपाठक यूके कोसरिया ने कहा कि मुस्कान पुस्तकालय के माध्यम से बच्चों को जेईई, नीट, आईटीआई, इंस्पायर अवार्ड, आईएएस, यूपीएससी, आईईएस की तैयारी अभी से बेसिक शिक्षा दी जाती है। स्वच्छता पखवाड़ा अंतर्गत बच्चों को स्वच्छता शपथ दिलाई गई।

मौके पर सरपंच श्रीमती ललिता साहू, उपसरपंच विनोद ध्रुव, पंच विजय साहू, शाला प्रबंधन विकास समिति अध्यक्ष गोपाल पटेल, गजेन्द्र साहू, चमन निर्मलकर, संतोष निर्मलकर, शीतल पटेल, पूर्व सरपंच कौशल चंद्राकार, उदय साहू, जयराम निर्मलकर समेत अन्य मौजूद थे।

इस आयोजन में प्राथमिक शाला प्रधानपाठक कुलेश्वर साहू, शिक्षक लोमश साहू, श्रीमती यामिनी देवांगन, गीता साहू, केशरी दादर, देवबती ध्रुव का सहयोग रहा।

**न्यायालय तहसीलदार कुकरेल जिला धमतरी (छ.ग.)**
**ईश्तहार**

रा.प्र.क्र. 202509132400017 ब 121
वर्ष 2024-25
पक्षकार जागेश्वर ग्राम बरकोन्हा
तहसील कुकरेल जिला धमतरी छ.ग.

सर्व साधरण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक जागेश्वर पिता गैंदूराम ग्राम बरकोन्हा प.ह.नं. 09 रा.नि.मं. कुकरेल तहसील कुकरेल जिला धमतरी छ.ग. के द्वारा 13(3) के तहत अपने भाई जगदीशराम का मृत्यु दिनांक 15.04.2025 को ग्राम बरकोन्हा रा.नि.मं. कुकरेल, तहसील कुकरेल जिला धमतरी में हुआ था। जिसका पंजीयन भूल वश या अज्ञानता के कारण नहीं करा पाया इसलिए उक्त मृत्यु दिनांक का पंजीयन किये जाने का आदेश हेतु आवेदन पत्र मय शपथ पत्र जन्म/ मृत्यु ग्राम पंचायत सियादेही के अनुपलब्धता प्रमाण पत्र के साथ प्रस्तुत किया गया है। जो कि इस न्यायालय में विचाराधीन है।

उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को दावा आपत्ति प्रस्तुत किया जाना हो तो स्वतः इस न्यायालय में उपस्थित होकर या अपने अभिभाषक के माध्यम से नियत दिनांक 29.09.25 को दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। नियत दिनांक के पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 17.09.2025 को मेरे हस्ताक्षर तथ पद मुद्रा के द्वारा ईश्तहार जारी किया गया।

तहसीलदार
तहसील-कुकरेल
जिला-धमतरी (छ.ग.)

सिस्टम की बजाय चाइल्ड ओरिएंटेड काम करें शिक्षक

# परखंदा में सामुदायिक सहभागिता पर हुई गोष्ठी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरूद



शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय परखंदा अंतर्गत संकुल के 42 शिक्षक एवं शिक्षिकाओं के लिए सामुदायिक सहभागिता एवं शिक्षा पर संवाद विषय पर बुधवार को संकुल केंद्र परखंदा के पद्मश्री तीजनबाई सभागार में गोष्ठी एवं मार्गदर्शन कार्यशाला हुई जिसमें विभिन्न प्रेरणाप्रद सत्य घटनाओं का उल्लेख करते हुए शिक्षकों को सिस्टम ओरिएंटेड काम न कर चाइल्ड ओरिएंटेड काम करने की सीख दी गई।

स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय सिंगपुर के प्राचार्य डॉ वीपी चंद्रा ने कहा कि शिक्षक की सबसे बड़ी गलती यह है कि वह स्वयं को अपडेट नहीं करता। समस्या जितनी बड़ी होती है सफलता उससे भी शानदार होती है, इसलिए हमें समस्या को अवसर समझकर काम करना चाहिए। जिला शिक्षा अधिकारी अभय जायसवाल ने कहा कि सब कुछ प्रशासन के भरोसे नहीं हो सकता। हम समुदाय से सहयोग लेकर परस्पर संवाद द्वारा अपने विद्यालय की समस्याओं को आसानी से हल कर सकते हैं। उन्होंने अपने विभागीय दायित्वों का निर्वहन कर सफलता प्राप्त करने के अनेक सूत्र भी बताए।

डाइट नगरी के प्राध्यापक जोहन नेताम ने टीचिंग स्किल का कैसे सदुपयोग कर सकते हैं और शिक्षण कौशल को कैसे आकर्षक बना सकते हैं, इस पर सारगर्भित प्रबोधन देते हुए मूलभूत समस्याओं के समाधान के उपाय बताए। इस अवसर पर प्राचार्य रवींद्र साहू, संकुल समन्वयक टोमन ध्रुव, शाला विकास समिति अध्यक्ष तारा गिरेंद्र साहू, प्रधान पाठकगण प्रवीण साहू, कुमार सेन, सोमन साहू, दूजबाई कंवर, ममता साहू, रजनी चंद्राकर, पुष्पांजलि कंवर, प्रभा यादव, पद्मिनी सिन्हा, मोहित साहू सहित समस्त व्याख्याता, शिक्षक एवं सहायक शिक्षक उपस्थित थे।

## अंचल की खबरें

### युवा संसद प्रतियोगिता में शाउमावि सिहावा प्रथम



**नगरी।** विकासखंड स्तरीय युवा संसद प्रतियोगिता शहर के पीएमश्री स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी और अंग्रेजी माध्यम श्रृंगी ऋषि उमावि नगरी में हुई। इसमें विभिन्न विद्यालयों के प्रतिभागी छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लिया। उच्च कार्यालय द्वारा नोडल, सहायक नोडल अधिकारियों की नियुक्ति की गई थी। शाउमावि सिहावा प्रथम और पीएमश्री सेजेस नगरी ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। अब विजेताओं को जिला स्तरीय प्रतियोगिता में शामिल होने का अवसर मिलेगा। विजेता और उपविजेता को नोडल अधिकारियों द्वारा प्रशस्ति पत्र और सामूहिक ट्राफी प्रदान किया गया। मौके पर नोडल अधिकारी केआर साहू, सहायक नोडल अधिकारी माहेश्वरी ध्रुव, मास्टर ट्रेनर सुरेन्द्र नेताम, सेजेस नगरी के प्राचार्य एसके प्रजापति, निर्णायक अजय ग्वाल प्राचार्य हाईस्कूल खैरभरी, महेंद्र बोरझा प्रधानपाठक माध्यमिक शाला बोड़रा, तुलसी ध्रुव व्याख्याता शाउमावि देवपुर, प्रभारी शिक्षक रमेश पटेल, अर्पणा लाल, वेदराम सेन, नीलकंठ ठाकुर, महेश सूर्यवंशी मौजूद थे।

### राजपुर स्कूल में 31 बालिकाओं को बांटी गई साइकिल



**नगरी।** शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल राजपुर में 31 बालिकाओं को साइकिल का वितरण किया गया। मुख्य अतिथि जपं नगरी के उपाध्यक्ष हृदय साहू ने कहा कि जब हम एक लड़की को शिक्षित करते हैं तो पूरा परिवार शिक्षित होता है। शिक्षित बालिका आत्मनिर्भर बनकर समाज और राष्ट्र को सशक्त बनाती है। सरकार बालिकाओं को अध्ययन हेतु प्रोत्साहित करने के लिए साइकिल प्रदान कर रही है। प्राचार्य आरके टंडन ने बताया कि इस योजना अंतर्गत 1 अनुसूचित जाति, 6 अन्य पिछड़ा वर्ग तथा 24 अनुसूचित जनजाति की बालिकाओं को साइकिल प्रदान की गई है। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य ने की। विशेष अतिथि जनपद सदस्य पुष्पा नेताम, सरपंच उत्तम नेताम, उपसरपंच जयकृष्ण साहू, शाला समिति अध्यक्ष संतोष निषाद, ग्राम पटेल गिरधर वट्टी, घसियाराम वट्टी, पूर्व सरपंच दयाराम नेताम, लक्ष्मण नेताम, हिम्मन सूर्यवंशी, रामस्वरूप नेताम, बीआर नागेश, एसबी कंचन, वायएस राजपूत, उमेश्वरी भंडारी थे। कार्यक्रम का संचालन व्याख्याता डोमार सिंह ध्रुव तथा आभार प्रदर्शन साइकिल प्रभारी डीबी गोस्वामी ने किया। कार्यक्रम में लक्ष्मीनाथ ओटी, पुरंजय भंडारी एवं उत्तम नेताम का सहयोग रहा।

### कबड्डी में खिलाड़ियों ने दिखाया अपना दमखम



**नगरी।** ग्राम दिनकरपुर में खेलकूद को बढ़ावा देने और युवाओं में खेल भावना जागृत करने कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि अजय ध्रुव सभापति जिपं धमतरी, शुभम यदु सभापति जपं नगरी, कलावती नेताम जनपद सदस्य नगरी, कलेश्वरी नेताम सरपंच मुनईकेरा, श्यामा मांडवी, वरुण नेताम थे। अतिथियों ने अपने उद्बोधन में खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए खेल के महत्व पर प्रकाश डाला। मुख्य अतिथि अजय फत्तेलाल ध्रुव ने कहा कि कबड्डी जैसे पारंपरिक खेल ग्रामीण अंचल की पहचान है जो युवाओं में अनुशासन, एकता और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना का विकास करते हैं। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

### बारना स्कूल की दो छात्राओं को मिली साइकिल



**कुरुद।** शाउमावि बारना में कक्षा 9वीं में अध्यनरत दो छात्राओं जागृति एवं मधु को साइकिल का वितरण किया गया। मौके पर जपं उपाध्यक्ष केशव साहू, शाला प्रबंधन एवं विकास समिति अध्यक्ष ममता निषाद, सरपंच दीपक पटेल, उपसरपंच मनीष पटेल, रूपचंद साहू, खिलावन प्रजापति, टकेश्वर ध्रुव, दौलत साहू, प्राचार्या टेमिन साहू एवं समस्त शिक्षक उपस्थित थे। इस दौरान जनपद उपाध्यक्ष ने शाला प्रांगण में साइकिल स्टैंड बनवाने की घोषणा की।

### खिसोरा सोसाइटी को हुई 1.50 करोड़ की आय



**मगरलोड।** प्राथमिक कृषि साख समिति खिसोरा सोसाइटी का वार्षिक सम्मेलन हुआ। सोसाइटी के आय-व्यय की जानकारी दी गई। बताया गया कि इस वित्तीय वर्ष में 37 लाख रुपए की आमदनी हुई है। खिसोरा सोसाइटी में अभी 1 करोड़ 15 लाख रुपए की एफडीआर फिक्स डिपॉजिट जमा है। वित्तीय वर्ष की आदमनी मिलाकर 1 करोड़ 50 लाख रुपए की आय प्राप्त है। इस अवसर पर सभापति जगेश्वर साहू, प्राधिकृत अधिकारी राजेश साहू, पूर्व मंडल अध्यक्ष होरीलाल साहू, कार्तिकराम साहू, भूषण यादव उपसरपंच, ग्रामीण अध्यक्ष कांशीराम साहू, भाऊराम साहू, इन्दलाल साहू, मंथीर साहू, यादराम साहू, हरिशंकर साहू, लोमस साहू, व्यवस्थापक भूलेश्वर साहू, राजेश सोनी, गोविंदा साहू, जागेश्वर, नरेश बघेल, रामप्रसाद, तेजेंद्र, संतोष नागरची समेत अनेक किसान उपस्थित थे।

### निधन : उत्तम केतवानी



**कोर्रा(भखारा)।** शिक्षक कॉलोनी भखारा निवासी उत्तम केतवानी 53 वर्ष प्रधानपाठक शासकीय माध्यमिक विद्यालय कोसमर्रा का आकस्मिक निधन रात्रि दिल का दौरा पड़ने से हो गया। वे ज्ञानेश्वरी साहू के पति, तेजस्वी साहू के पिता, व्यास देव एवं अशोक साहू के बड़े भाई थे। अंतिम संस्कार गृह ग्राम संकरी (चिवरी) में सामाजिक रीति रिवाज से किया गया।



**धमतरी।** यादगार दुर्गोत्सव समिति, शांति चौक सोरिद नगर धमतरी

## अंचल की खबरें

### अंवरी में विराजी मां दुर्गा



**अंवरी।** ग्राम अवंरी बाजार चौक में मां दुर्गा के प्रतिमा विराजित की गई है। माता की सेवा में पुजारी नेहरू विश्वकर्मा, चैन यादव, कुमार राम, कामता ध्रुव लगे हुए हैं।

### अंवरी महामाया में जले श्रद्धा के 187 जोत





**अंवरी।** ग्राम अंवरी में स्थापित मां महामाया के दरबार में श्रध्दा के 187 जोत प्रज्ज्वलित हुए हैं जिसके सेवा में पुजारी शेखर यादव, भुवन यादव, खोमेश साहू, रुपराम ध्रुव सेवा में लगे हुए है।

### बिरगुड़ी में दुर्गोत्सव की धूम



**नगरी।** श्री नव दुर्गोत्सव समिति बिरगुड़ी में माता की प्रतिमा स्थापित की गई है। समिति के अध्यक्ष राजेश कश्यप, उपाध्यक्ष गोकुलनाथ कोषाध्यक्ष, हीराराम नाग सचिव राजेशसमुंद, संजय पुजारी, लखन बिसेन, सरवन यादव, आचार्य उत्तम प्रसाद मिश्रा एवं पंडा संतोष नाग, गौतम यादव, सत्यवान सहित समस्त ग्रामवासी माता की भक्ति में लीन हैं।

### मां शीतला के दरबार में जले आस्था के दीप



**जीजामगांव।** कुंवार नवरात्रि में ग्राम मडेली के शीतला मंदिर दरबार में 219 मनोकामना दीप प्रज्वलित किए गए है। जिसमें 06 दीप घी के हैं और गांव में 06 जगह मां दुर्गा की मूर्ति का स्थापना किया गया और प्रतिदिन श्रद्धालु मां की जस सेवा कर रहे हैं। सेवागीत से मां को याद किया जा रहा है। गांव के बैगा निरंजन निषाद ने बताया कि देवी पंचमी में मां शीतला को सोलह सिंगार श्रद्धालुओं ने अर्पण किए। गांव की देवी देवताओं की पूजा अर्चना की और गांव की सुख समृद्धि के लिए मां से प्रार्थना की। नौ दिनों तक शीतला मंदिर में भक्तों की भीड़ रहेगी। जोत की सुरक्षा के लिए मां के भक्तों पंडा भी सेवा में लगे हुए हैं। इस अवसर पर पंचराम साहू,सुखनंदन बैस,रिखी राम बैस, निलेश ध्रुव, बंटी साहू, संतोष साहू, देवेंद्र साहू, जनक साहू एवं पियूष बैस सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण जन उपस्थित थे।

### मिंधू कुम्हार पूरे देश का गौरव है : ओंकार

**धमतरी।** कुंभकार समाज भवन धमतरी में मिंधू कुम्हार की पुण्यतिथि मनाई गई। गंगरेल डुबान क्षेत्र के ग्राम लमकेनी निवासी मिंधू कुम्हार जंगल सत्याग्रह के दौरान 25 सितंबर 1930 को बेंद्रा नवागांव में अंग्रेजों के अत्याचार का विरोध करते हुए शहीद हुए थे। मुख्य अतिथि विधायक ओंकार साहू ने शहीद मिंधू कुम्हार की प्रतिमा पर पूजा-अर्चना व पुष्पांजलि भेंटकर देश के प्रति उनकी शहादत को याद किया। उन्होंने कहा कि मिंधू कुम्हार न केवल कुम्हार जाति के लिए बल्कि पूरे देश का गौरव है। कुम्हार समाज ने विधायक से रुद्री चौक में अमर शहीद मिंधू कुम्हार की प्रतिमा स्थापित करने, कुंभकार समाज भवन में किचन शेड निर्माण की मांग की। विधायक ने उनकी मांगों को पूरा करने का आश्वासन दिया।

निगम ने 33 लोगों के खिलाफ कार्रवाई कर जमा राशि राजसात की, अब निगम स्वयं बनवाएगा

# नवनिर्मित भवनों में नहीं बना वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

नगर निगम क्षेत्र में नया भवन बनाने के साथ वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम लगवाना अनिवार्य है। इसके लिए, निगम भवन निर्माण की स्वीकृति देने के साथ एफडीआर की राशि जमानत के तौर पर जमा रखती है। भवन निर्माता द्वारा वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम निर्माण की जानकारी देने के बाद निगम एफडीआर की राशि वापस कर देता है। ऐसे लोगों की संख्या 531 है जिन्होंने नया भवन बनाने के साथ वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम बनवाया है। जांच में 33 लोग ऐसे हैं जो वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम नहीं बना पाया। निगम उनकी जमा राशि राजसात कर उनके घरों में सिस्टम लगवाएगा। 33 लोगों द्वारा जमा की गई राशि में कुल 4.35 लाख 328 रूपए है। इस राशि से निगम वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम जल्द बनाएगा।

इसके अलावा आयुक्त के निर्देश पर निगम के अधिकारी 150 वर्गमीटर क्षेत्रफल में बने रहे भवनों की जांच कर रहे हैं। कई घरों में सिस्टम हीं नहीं बनाया गया है जिनकी सूची तैयार करवाई जा रही है। नोटिस के बाद भी सिस्टम नहीं लगाने पर निगम उनकी जमा राशि राजसात कर वाटर हार्वेस्टिंग बनाएगा। जानकारी के मुताबिक 2011 से 2025 के मध्य शहर में 1161 भवनों में रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम का निर्माण हो चुका है।



**रेनवाटर हार्वेस्टिंग के ये हैं फायदे**

भवन निर्माण के साथ वाटर हार्वेस्टिंग बनाने से वर्षा जल को संरक्षित किया जा सकता है। भूजल स्तर में सुधार होगा। पानी की कमी दूरी होगी। बारिश के पानी को सीधे जमीन के नीचे ले जाकर इकट्ठा करने से भूजल स्तर बनाए रखने में मदद मिलती है। गर्मी के दिनों में भूजल स्तर के बने रहने से नलकूप, मोटर पंप, बोर अनवरत चलता रहता है। बोर फेल होने की शिकायत नहीं रहती।

# आमदी के 10 खिलाड़ियों का राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में हुआ चयन



हरिभूमि न्यूज ⏭आमदी(धमतरी)

शालेय सॉफ्ट टेनिस आयु वर्ग 14, 17, 19 और बास्केटबॉल अंडर 14 प्रतियोगिता में आमदी के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए जिले का नाम रोशन किया। व्यायाम शिक्षक तामेश्वर प्रसाद साहू के मार्गदर्शन में 10 खिलाड़ियों का चयन हुआ, जिन्होंने संभागीय स्तर पर बेहतरीन खेल दिखाकर राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में प्रवेश किया। बास्केटबॉल 14 वर्ष आयु में चरण पिता उमेंद्र साहू, लक्ष्य पिता नेमीचंद, मोक्ष पिता राघव नंदन, ललिता ढीमर पिता सुखदेव ढीमर, सॉफ्ट टेनिस में वेदांत साहू पिता देवकुमार साहू, वासु पिता उमेश साहू, दीपांशु पिता रेवा साहू, तन्मय पिता चेमननलाल, चुम्मन पिताश्री अनिल कुंभार, संजीव पिता संतोष पटेल का चयन हुआ। इन खिलाड़ियों ने 10 सितंबर को रायपुर स्थित मायाराम सुरजन शासकीय कन्या विद्यालय और बालाजी विद्या मंदिर देवेंद्र नगर रायपुर में आयोजित संभाग स्तरीय शालेय प्रतियोगिता में धमतरी जिले का प्रतिनिधित्व किया। इस दौरान इन्होंने महासमुंद, बलौदाबाजार और रायपुर की टीमों के खिलाफ शानदार प्रदर्शन करते हुए राज्यस्तर के लिए अपनी जगह पक्की की। संस्था के प्राचार्य केके साहू, शाला विकास समिति की अध्यक्ष श्रीमती ज्योति साहू, नगर उपाध्यक्ष कोमल यादव, सीएच सेन, पी. साहू, सीमा रानी भेषले, टीपी पांडे, श्वेता गजेंद्र, एस. नाग, एस. सोनवानी, जे. ठाकुर, यूएस साहू, डीआर साहू, ओ. पटेल, वाय. देवांगन, जीआर साहू, गीता साहू, मीरा साहू, प्यारेलाल साहू और व्यायाम शिक्षक तामेश्वर प्रसाद साहू ने हर्ष जताया है।

# दिल्ली पब्लिक स्कूल में गरबा रासोत्सव की धूम





हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

दिल्ली पब्लिक स्कूल में नवरात्रि पर गरबा रासोत्सव मनाया गया। मुख्य अतिथि दिल्ली पब्लिक स्कूल के डायरेक्टर धीरज अग्रवाल एवं डायरेक्टर श्रीमती निधि अग्रवाल थे। गरबा रासोत्सव की शुरुआत आदि शक्ति मां दुर्गा जी की महाआरती से हुई। शिक्षक सप्तर्षि रॉय द्वारा बंगाल की मोहक धुनुची नृत्य की प्रस्तुति दी गई।

कार्यक्रम में प्राचार्य डॉ. नितिन कुमार शर्मा, समन्वयक सतप्रीत सिंह धंजाल, रोहित कुमार, अर्शिता अरोड़ा, शिक्षकगण, अभिभावक एवं छात्र-छात्राएं सम्मिलित हुए। इस गरबा रासोत्सव में सोलो किड्स, सोलो जूनियर, सोलो सीनियर, ओपन गरबा, ग्रुप जूनियर गरबा, कपल गरबा, मी एंड माय किड्स समेत विभिन्न प्रतियोगिता हुई। विजेताओं को मुख्य अतिथियों द्वारा पुरस्कृत किया गया।

धमतरी की मी एंड माय किटी मेट्स टीम ने विशेष प्रस्तुति देकर कार्यक्रम में आकर्षण और रंग भर दिए। इस गरबा रासोत्सव के महत्व को बताते हुए विद्यालय के प्राचार्य डॉ. नितिन कुमार शर्मा ने कहा कि नवरात्रि पर्व शक्ति की आराधना एवं उपासना का एक पर्व है। गरबा एक ऐसा पवित्र नृत्य है जो भगवती देवी के सम्मान में किया जाता है। इस दौरान सभी भक्त अखंड खंड ज्योति के चारों ओर घूमते और उत्सव मनाते हैं। पूरे कार्यक्रम का संचालन रोहित कुमार एवं सुश्री अर्शिता शर्मा ने किया तथा आभार प्रदर्शन सतप्रीत सिंह धंजाल द्वारा किया गया। कार्यक्रम के अंत में डायरेक्टर धीरज अग्रवाल एवं श्रीमती निधि अग्रवाल ने नवरात्र की बधाई देते हुए कहा कि गरबा रासोत्सव का समापन आनंद, भक्ति और उल्लास के वातावरण में हुआ, जिसने सभी को एकता और संस्कृति पर गर्व का अनुभव कराया।

# नवरात्र : रास गरबा डांडिया की है धूम

- विशेष वेशभूषा में प्रतिभागी कर रहे भक्तिपूर्ण नृत्य

हरिभूमि न्यूज ⏭कुरूद

कुरुद के चन्द्राकर भवन एवं इंडोर स्टेडियम में रास गरबा पंडाल में मातारानी का दरबार सजा है। जहां रोज शाम रंग बिरंगे परिधान में सजे प्रतिभागी गुजरात और छत्तीसगढ़ी संस्कृति से रची बसी लोक संगीत और गीत में घंटों नृत्य कर माता की अराधना कर रहे है। नवरात्रि के चतुर्थ दिवस ओल्ड हीरो-हीराईन की थीम और गेटअप में, पांचवे दिन मराठी वेशभूषा और छठवें दिन प्रतिभागियों ने रामायण और महाभारत के पात्रों की आकर्षक वेशभूषा और भगवा रंग के परिधान से सुसज्जित होकर भक्तिपूर्ण नृत्य किया।

गौरतलब हो कि पिछले कुछ दिनों से हो रही झमाझम बारिश के बावजूद नगर में शारदीय नवरात्रि का उत्साह कम नहीं हुआ है। देवी मंदिरों, दुर्गा पंडाल, गरबा स्थल एवं दशहरा समिति के आयोजन में श्रद्धालु दर्शकों की खासी भीड़ उमड़ रही है।





गरबा परिवार समिति से जुड़े प्रसन्न नायडू, दुर्गेश द्विवेदी ने बताया कि मौसम साफ होने पर मैदान में और बारिश की स्थिति में स्वामी विवेकानंद सभागार में गरबा का आयोजन नियमित रूप से किया जा रहा है। गरबा नृत्य मां जगदंबे की उपासना के साथ ही समाज के सभी वर्गों को लोगों को एक सूत्र में बांधकर आपसी भाईचारे और सौहार्द्र की भावना भी बढ़ाती है। इसी तरह चन्द्राकर भवन में रामजानकी सर्व महिला समिति द्वारा आयोजित गरबा में भी प्रतिभागियों की भीड़ दिन प्रतिदिन बढ़ती जा रही है। आयोजन से जुड़ी नेहा चन्द्राकर, नमिता, सुलेखा चन्द्राकर, रजनी साहू ने बताया कि हमारे यहाँ सर्व समाज से कोई भी प्रतिभागी भाग लेकर गरबा नृत्य कर सकता है।

# विद्यार्थी पढ़ाई के साथ समाजसेवा में भी भाग लें : नीरज



- फरसियां में रासेयो का स्थापना दिवस मनाया गया

हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी

शाउमावि फरसियां की रासेयो इकाई के द्वारा स्थापना दिवस मनाया गया। यह कार्यक्रम गांधीजी के जन्म शताब्दी से 1969 से शुरूआत किया गया था। संगोष्ठी को संबोधित करते हुए प्राचार्य नीरज सोन ने कहा कि एनएसएस के माध्यम से विद्यार्थी पढ़ाई के साथ-साथ समाजसेवा में भी भाग ले सकते हैं। समाज में प्रचलित अंधविश्वास और कुप्रथाओं को दूर करने के लिए युवाओं को सकारात्मक पहल करनी चाहिए। कार्यक्रम अधिकारी ऋषिकेश साहू ने कहा कि एनएसएस युवाओं को समाज और राष्ट्र दोनों के प्रति जिम्मेदारी निभाने की शिक्षा देता है। सहायक कार्यक्रम अधिकारी यशपालसिंह साहू ने कहा कि रासेयो विद्यार्थियों को सामाजिक दायित्व निभाने और सेवा भावना से जोड़े रखने वाली सबसे महत्वपूर्ण संस्था है।

कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने भी अपने विचार व्यक्त किए। लोमश पटेल ने कहा कि स्वयंसेवक समाज के वंचित वर्गों के बीच जाकर नुक्कड़ नाटक, स्लोगन और जागरूकता अभियान के जरिए सकारात्मक संदेश फैलाते हैं। त्रिवेणी सूर्यवंशी ने कहा कि रासेयो का ध्येय वाक्य मैं नहीं, आप स्वयंसेवकों की भावना और उनके कार्यों का सच्चा परिचायक है। प्रेमलाल ध्रुव ने कहा कि यह योजना प्रतिभावान युवाओं को गांव से लेकर राष्ट्रीय मंच तक अवसर प्रदान करती है। इस अवसर पर व्याख्याता निरुपमा श्रीमाली, किरण श्रीमाली, लोमश पटेल, यशपाल साहू, प्रेमलाल ध्रुव, अरविंद सोम, रेणु सोम, अंजना लावत्रे, ऋषिकेश साहू, शिल्पा मानिकपुरी, पारुल बिसेन, त्रिवेणी सूर्यवंशी, गीतिका निषाद, आरती निषाद, नीलम साहू, टिकेश साहू, त्रिलोक कपूर ध्रुव, भगवती ध्रुव, ललिता निषाद, भरत चनाप उपस्थित थे।

# पीएम की बात को घर-घर तक पहुंचाना है : अजय



- विधायक चंद्राकर ने कार्यकर्ताओं संग सुना पीएम मोदी के मन की बात

हरिभूमि न्यूज ⏭कुरूद

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को अपने मासिक रेडियो कार्यक्रम मन की बात में स्वदेशी उत्पादों को अपनाने और देश को आत्मनिर्भर बनाने पर विशेष बल दिया। उन्होंने कहा कि आजादी के अमृतकाल में भारतीय सेना की वीरता और देश की तकनीकी प्रगति पर गर्व करना चाहिए। प्रधानमंत्री मोदी ने जोर देकर कहा कि स्वदेशी अपनाना ही सशक्त भारत का मार्ग है।

कुरुद में यह कार्यक्रम विधायक अजय चंद्राकर के निवास कार्यालय पर भाजपा कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों द्वारा सामूहिक रूप से सुना गया। प्रधानमंत्री मोदी ने अपने संबोधन में आगे कहा कि भारत नई तकनीक और नवाचार के माध्यम से दुनिया में अपनी अलग पहचान बना रहा है। उन्होंने युवाओं से आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को आगे बढ़ाने में सक्रिय भूमिका निभाने का आग्रह किया। इस अवसर पर भानु चंद्राकर, तिलोक जैन, आदर्श चंद्राकर, लोकेश्वर सिन्हा, भूपेंद्र चंद्राकर, प्रेमचंद साहू, नोहेंद्र यादव, मोहन साहू समेत बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे। वोकल फॉर लोकल, आत्मनिर्भरता का है संदेश : विधायक चंद्राकर ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि मन की बात कार्यक्रम को प्रत्येक गांव और घर तक पहुंचाने का जिम्मा कार्यकर्ताओं को उठाना चाहिए। उन्होंने कहा कि इससे जनता प्रधानमंत्री के विचारों को समझकर देश की प्रगति में योगदान दे पाएगी। उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी द्वारा आगामी त्योहारों को स्वदेशी उत्पादों के साथ मनाने का आग्रह पर कहा कि निश्चित ही लोकल फॉर वोकल का यह संकल्प पूरे देश को आत्मनिर्भरता की नई ऊँचाइयों पर ले जाएगा।

# पोषण जागरुकता फैलाने सुपोषण रथ रवाना



- कुपोषण निवारण, एनीमिया नियंत्रण, पोषण भी पढ़ाई भी जैसे संदेश दिए जायेंगे

हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी

जनपद पंचायत नगरी परिसर से जपं अध्यक्ष महेश गोटा, उपाध्यक्ष हृदयलाल साहू, जनपद सदस्य प्रमोद कुंजम, जनपद सदस्य पन्नालाल मरकाम, एपीएफ से सदानंद मेहर ने हरी झंडी दिखाकर सुपोषण रथ को रवाना किया। यह रथ आने वाले दिनों में नगरी ब्लॉक के विभिन्न गांवों का भ्रमण करेगा और ग्रामीणों को सही पोषण के महत्व से जागरूक करेगा। रथ पर प्रदर्शित पोस्टर और चार्ट के माध्यम से कुपोषण निवारण, एनीमिया नियंत्रण, संतुलित आहार, पोषण भी पढ़ाई भी जैसे महत्वपूर्ण संदेश लोगों तक पहुंचाए जाएंगे।

इस अवसर पर जनपद अध्यक्ष महेश गोटा ने कहा कि हमारा लक्ष्य है कि नगरी ब्लॉक का हर बच्चा स्वस्थ और कुपोषण मुक्त हो। यह रथ गांव-गांव जाकर लोगों को सही पोषण की जानकारी देगा और जन-जागरूकता का बड़ा माध्यम बनेगा। यह पहल मोबाईल क्रेशिज संस्था, महिला एवं बाल विकास विभाग नगरी और अज़ीम प्रेमजी फाउंडेशन के संयुक्त प्रयास से शुरू की गई है। सदानंद मेहर ने कहा कि विकासखंड नगरी में लईका घर के माध्यम से बच्चों के कुपोषण को दूर करने, सुरक्षा तथा समग्र विकास के लिए कार्य करना हो रहा है। आने वाले वर्षों में सभी गांवों में लईका घर खोलने प्रयास किये जाएंगे।

इस अवसर पर जपं उपाध्यक्ष हृदयलाल साहू, जनपद सदस्य प्रमोद कुंजाम, जनपद सदस्य पन्नालाल मरकाम, अजीम प्रेमजी फाउंडेशन से सदानंद मेहर, रिकेश मेढे, महिला एवं बाल विकास विभाग से श्रीमती चेमिन साहू, मोबाईल क्रैचेस संस्था से अजीत चौधरी, श्याम सिंह, संतोषी साहू, राकेश साहू, लोकेश सिन्हा, मुकेश वर्मा समेत जपं के अधिकारी-कर्मचारी व आंगनबाड़ी कार्यकर्ता उपस्थित थी।

# बिरेझर में गाय को अज्ञात वाहन ने मारी ठोकर

हरिभूमि न्यूज ⏭जीजामगांव

राष्ट्रीय राजमार्ग 30 में प्रशासन की लापरवाही का खामियाजा गायों को भुगतना पड़ रहा है। आए दिन सड़क पर गायों को तेज चलती वाहन अपनी चपेट में ले रहे है। राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण की लापरवाही स्पष्ट दिख रही है।

जानवरों को सड़क से दूर रखने के लिए कर्मचारी रखा जाना चाहिए परंतु ऐसी कोई व्यवस्था नहीं है। आखिर कब तक ऐसा चलता रहेगा। इसकी जवाबदारी कौन लेगा? ग्राम बिरेझर में रात्रि में एक गाय को किसी अज्ञात वाहन ने ठोकर मार दिया। रात भर गाय तड़पती रही। सुबह कुत्तों की झुंड को देखकर गांव वाले स्थान पर पहुंचे तो देखा गाय के पीछे के दोनों पैर टूटे हुए थे और कुत्तों ने गाय के नाजुक अंगों को नोच रखा है। स्थिति की जानकारी ग्राम के सरपंच और ग्राम के पदाधिकारियों को दी गई। जिसके बाद पशु चिकित्सकों को बुलाया गया और इसका इलाज करवाया।



HEALTH TOWN

आयुर्वेदिक कैंसर क्लिनिक
Dr. Hrituraj Taank
B.A.M.S.
Nadi Parikshak By
Sri Sri Tattva
Bengaluru
सभी तरह के कैंसर का बिना साइड इफेक्ट के आवुर्वेद एवं पंचकर्म द्वारा संपूर्ण ईलाज़
पता: चरक हैल्थ क्लिनिक, दुबे कालोनी, मोवा, रायपुर (छ.ग.), 9926644448, 9630053692
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## अंचल की खबरें

### एकात्म मानववाद के विचारों को फैलाने का संकल्प



**धमतरी।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जन्म जयंती पर माल्यार्पण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। अतिथि प्रदेश भाजपा के संगठन महामंत्री पवन साय तथा मंत्री खुशवंत साहेब थे। उनके आगमन पर महापौर रामू रोहरा, भाजपा जिला अध्यक्ष प्रकाश बैस, महामंत्री सहित भाजपा के कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया। अतिथियों ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी और उनके एकात्म मानववाद के विचारों को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया। माल्यार्पण एवं स्वागत समारोह पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रतिमा स्थल, नहर किनारे, सुंदरगंज वार्ड सरदार वल्लभभाई पटेल वार्ड, रायपुर रोड धमतरी में हुआ।

### सेनचुवा में पं. दीनदयाल की जयंती मनाई गई



**डांडेसरा।** ग्राम सेनचुवा में पं. दीनदयाल उपाध्याय की जयंती मनाई गई। इस अवसर पर बूथ अध्यक्ष भूपेन्द्र चन्द्राकर ने कहा कि पं. उपाध्याय प्रारंभ से ही मेधावी, गंभीर और समाज के प्रति समर्पित थे। उन्होंने भारतीयों को नई दिशा दी और एकात्म मानववाद का दर्शन प्रस्तुत किया। उनका मानना था कि समाज की अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक विकास की किरण पहुंचनी चाहिए। उन्होंने अपने जीवन में सादगी, ईमानदारी और राष्ट्रसेवा को सर्वोपरि रखा। इस दौरान कमलेश चन्द्राकर, पिलेश मंडावी, राजेन्द्र पटेल, लीलेश्वर पटेल, हेमन्त सेन, माधो साहू, महेन्द्र चन्द्राकर, टेमन चन्द्राकर, राजेन्द्र यादव, इशु यादव एवं ठाकुरराम साहू उपस्थित थे।

### दो शिक्षकों को दी गई भावपूर्ण विदाई



**नगरी।** संकुल केंद्र बोकराबेड़ा में आयोजित संकुल स्तरीय विदाई समारोह में दो शिक्षक रूपेंद्र साहू एवं पूर्णिमा मजूमदार को भावपूर्ण विदाई दी गई। उनका स्थानांतरण युक्तियुक्तकरण प्रक्रिया के तहत अन्य संकुलों में किया गया है। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व संकुल प्राचार्य रामकुमार देवांगन ने की।

### सशिमं में पंचमी पर हुआ कन्या भोज



**धमतरी।** सरस्वती शिशु मंदिर उमावि आमातालाब में पंचमी पर विद्यालय की प्रबंध कार्यकर्ता सदस्य श्रीमती शोभा दुबे एवं एकता सिंह की ओर से सामूहिक कन्याभोज कराकर सभी छात्राओं को श्रृगांर सामग्री एवं चुनरी भेंट की गई। इस अवसर पर जसगीत एवं माता सेवागीत का कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। आचार्य केवलसिंह साहू ने तबले पर थाप पर दी।

### सेमरा डी में चला स्वच्छता अभियान



**डांडेसरा।** स्वच्छता पखवाड़ा के अंतर्गत महिला कमांडो ग्राम सेमरा डी के द्वारा ग्राम में स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस दौरान गांव के सभी चौंक-चौराहों की साफ-सफाई की गई। इस अवसर पर ग्राम पंचायत सेमरा डी सरपंच सुनीता कमलनारायण ध्रुव, महिला कमांडो के अध्यक्ष फुलेश्वरी नेताम, सचिव पुष्पा नेताम, कोषाध्यक्ष नेमिन साहू, सदस्य ललीता नेताम, सुनीति नेताम, पेमीन निर्मलकर उपस्थित थे।

### चोवा बने परिक्षेत्र साहू समाज तर्रागोंदी के अध्यक्ष



**कुरुद।** परिक्षेत्र साहू समाज तर्रागोंदी (पचपेड़ी) का समाजिक संगठन निर्वाचन विगत दिवस सम्पन्न हुआ। जिसमें अध्यक्ष चोवाराम साहू तर्रागोंदी,उपाध्यक्ष छत्रसेन साहू हँचलपुर व गायत्री साहू पचपेड़ी, संगठन सचिव श्यामू साहू सिलौटी व सविता गंजीर जोरातराई निर्विरोध चुने गए। नए पदाधिकारी चुने जाने पर प्रथम अध्यक्ष गिरधारी साहू,जनपद अध्यक्ष गितेश्वरी साहू,भोलाराम साहू,चोवा गंजीर,हरबन साहू, गणेश राम साहू आदि सामाजिक जनों ने हर्ष जताया है।

### सोरिद में नव देवीशक्ति की स्थापना



**धमतरी।** श्री विनायक नवदुर्गा उत्सव समिति बरपारा सोरिद धमतरी में नवरात्रि पर्व में नव दुर्गा शक्ति प्रतिमा की स्थापना की गई है। दुर्गा पंडाल में विशेष–पूजा अर्चना के साथ प्रतिरात्रि सेवा भजन गीत कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। अंचल की मण्डलियों द्वारा सेवाभक्ति भजन प्रस्तुति दी जा रही है। आकर्षक नवदुर्गा रूप के दर्शन के लिए भक्तों की भीड़ रहती है।

### रामलीला मैदान में दशहरा उत्सव धूमधाम से मनाने की तैयारी में जुटा निगम

# इस बार दिव्यांग प्रह्लाद के हाथों से बने 40 फीट तंदुरूस्त रावण का पुतला जलेगा

- होगी रंगबिरंगी मनमोहक आतिशबाजी
- अछोटा की रामलीला मंडली का होगा मंचन, 26 साल से दे रही प्रस्तुति

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी





इस वर्ष दशहरा महोत्सव 2 अक्टूबर गुरुवार को गौशाला मैदान रामलीला मैदान में आयोजित किया जाएगा। इसके लिए निगम तैयारी में जुटा हुआ है। कार्यक्रम शाम 6 बजे शुरु होगा। मंचीय कार्यक्रम के बाद रामलीला मंडली का मंचन होगा। रावण वध के बाद इस बार 40 फीट का ऊंचा, तंदुरूस्त रावण का पुतला जलेगा ताकि निगम की किरकिरी न हो। ज्ञात हो कि पिछले सरकार के कार्यकाल में पुतला दहन को लेकर निगम सरकार की खूब किरकिरी हुई थी। विपक्ष ने इस मुद्दे को जोर-शोर से उछाला था। रावण का पुतला महज पांच मिनट में स्वाहा हो गया। इसे लेकर जांच कमेटी बिठाई गई। इस बार आयुक्त-महापौर के निर्देश पर मोटा तगड़ा 40 फीट ऊंचा रावण का पुतला जाएगा।

आयुक्त, उपायुक्त समेत अन्य कर्मचारियों की निगरानी में कुम्हारपारा ब्राम्हणपारा के दिव्यांग प्रह्लाद कुंभकार पुतला बनाने में जुटे हुए हैं। प्रह्लाद का कहना है कि वे 40 फीट तंदुरूस्त रावण का पुतला बना रहे हैं। काम जल्द कम्पलीट हो जाएगा। 15 साल बाद फिर वे प्रतिमा व पुतला बनाने के काम में जुट गए हैं। वे एक दुर्घटना में घायल हो गए थे। अब स्वस्थ हैं। काम कर रहे हैं। दिव्यांग होने की वजह से वे व्हीलचेयर में बैठकर रावण का पुतला बना रहे हैं। बांस, पेपर, रंगीन कागज से भव्य और आकर्षक पुतला तैयार कर रहे हैं।

नगर निगम के आयुक्त, उपायुक्त ने पुतला निर्माण स्थल का निरीक्षण कर संतोष जताया है। कारीगरों से चर्चा उपरांत उन्होंने बताया कि तेजी से पुतला का निर्माण हो रहा है। दशहरा के पूर्व पुतला तैयार हो जाएगा। मैदान में सुरक्षा की व्यवस्था की गई है। रामलीला का मंचन, आतिशबाजी की व्यवस्था निगम द्वारा की जा रही है।

रामलीला महोत्सव में इस बार 1.75 से 2 लाख तक खर्च होगा, जिसमें पुतला निर्माण, रामलीला मंचन, सजावट, आतिशबाजी शामिल हैं। दशहरा पर्व के लिए राकेश तिवारी को ठेका दिया गया है। आतिशबाजी में पांच सितारा, बिन बादल बरसात, सूरजमुखी, फौव्वारा राउंड, अनारदाना, 120 शार्ट, 60 शार्ट, मिलन सेहरा, झाड़ू झरना, झूला चक्र, कैलाश मंडल, नूरानी सेहरा, नीली बरसात सहित दर्जनों पटाखों की वैरायटी शामिल की गई है। जानकारी के मुताबिक रावण का पुतला बनाने में 40 हजार खर्च होगा। फोम से रावण का मुकुट तैयार होगा। रावण का पुतला बनाने के लिए बांस, पेपर, रंगीन कागज, पेंट, कलर, लुग्दी आदि का उपयोग किया जा रहा है ताकि आग से आसानी से जल सके।

## सहायक शिक्षक फेडरेशन के लुकेश तीसरी बार ब्लॉक अध्यक्ष बने



- अवध को कार्यकारी अध्यक्ष एवं हेमलाल को सचिव बनाया गया

हरिभूमि न्यूज ⏭कुरुद

सहायक शिक्षक फेडरेशन ब्लॉक इकाई कुरुद द्वारा शनिवार को जनपद सभागार में ब्लॉक अध्यक्ष का चयन किया गया जिसमें लुकेश राम साहू, सहायक शिक्षक प्राथमिक शाला आमापारा कमरौद को उनके सेवा को देखते हुए तीसरी बार अध्यक्ष मनोनीत किया गया।निर्वाचन अधिकार भुनेश्वर साहू ने उन्हें इस आशय का प्रमाण पत्र प्रदान किया।

कुरुद ब्लाक अध्यक्ष के लिए फेडरेशन से संकुल अध्यक्ष कोर्रा कविन्द्र मारकण्डे, जोन प्रभारी कुरुद चेतन साहू तथा श्रीमती सत्या साहू के द्वारा लुकेशराम साहू का नाम प्रस्तावित किया गया जिसका भेषज साहू, रोमन रात्रे, डोशन साहू, अभिषेक सिंह, व्यास नारायण सर्वांकर के साथ साथ सदन में उपस्थित सभी सदस्यों ने एक स्वर से सहमति दी। तत्पश्चात नव निर्वाचित ब्लॉक अध्यक्ष का गुलाल लगा, फूलमाला पहनाकर स्वागत किया गया।

तत्पश्चात नवनिर्वाचित ब्लॉक अध्यक्ष श्री साहू द्वारा कार्यकारिणी गठन की दिशा में पूर्व कार्यकारिणी को यथावत रखते हुए पुनः कार्यकारी अध्यक्ष अवधराम यादव, कोषाध्यक्ष फालेश्वर कुर्रे, सहसचिव शंकरलाल मानिकपुरी, सचिव हेमलाल साहू, सलाहकार लच्छी राम साहू, शिवेंद्र सिंह ठाकुर का नाम प्रस्तावित किया गया तथा महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष शिप्रा कन्नौजे, एवम प्रकोष्ठ सदस्य श्रीमती भारती शेंद्रे, ममता साहू, भूमिका साहू, पुष्पांजली कंवर, शकुन कंवर, सतरूपा दीवान, उर्वशी चंद्राकर, सत्या साहू, नरगिश परवीन को मनोनीत किया गया।

## युवा पीढ़ी आपातकाल के बारे में जरूर जाने : रामू रोहरा



हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

धमतरी महापौर रामू रोहरा ने आपातकाल की विभीषिका के बारे संघर्ष गाथा की विस्तार से जानकारी देते हुए कहा कि युवा आपातकाल के बारे में जरूर जाने। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद समाज सेवा के काम के साथ छात्रों में शैक्षिक सुधार, राष्ट्रीय पुनर्निर्माण और समग्र विकास को बढ़ावा देने का कार्य कर रही है। पीजी कॉलेज में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा आयोजित व्याख्यान में बोलते हुए इमरजेंसी को भारतीय लोकतंत्र का सबसे काला अध्याय बताया। उन्होंने इमरजेंसी के नाम पर संविधान की हत्या का आरोप लगाया और कहा कि यह भारत के इतिहास का एक दर्दनाक अध्याय था।

महापौर ने कहा कि आज से पचास साल पहले भारतीय लोकतंत्र का आपातकाल के माध्यम से गला घोंटने का कुत्सित प्रयास किया गया था। आपातकाल को लोग आज भी भारतीय लोकतंत्र के सबसे काले अध्याय के रूप में याद रखते हैं। उन्होंने आगे कहा कि आज भारत में लोकतंत्र जीवित है, इसके लिए आपातकाल में जिन्होंने भी संघर्ष किया, जेल काटी और यातनाएँ सहीं, उन सभी का बहुत बड़ा योगदान है।

## बरसते पानी में भी सिंध गरबा का उत्साह कम नहीं हुआ



हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

सिन्ध गरबा नाईट को आज पूरे हुए 12 वर्ष हो गए हैं यह गरबा नाइट अपने एक ऊंचे मुकाम तक पहुंच चुका है। आज सिंध गरबा नाइट केवल अपने समाज के महिलाओं एवं बच्चों एवं कन्याओं के लिए आयोजित करता है। यह केवल सिंधी समाज के लोग ही गरबा करने आते हैं। यह गरबा प्रतिवर्ष के अनुसार सिन्हा ग्राउंड नेहरू गार्डन के पास में होता है जो जहां पर प्रतिदिन लगभग 300 प्रतिभागी भाग ले रहे हैं। इस गरबा में कलर्स कंपटीशन किया जाता है जहां जज लोग गरबा कलर्स एवं अन्य चीजों को देखकर देख कर करते हैं । जज गुजराती समाज एवं अन्य समाज से आते हैं जो एक्सपर्ट रहते हैं जहां पर एक दिन गुजराती परिधान रखा जाता है। यह गरबा क्योंकि गुजरातियों की देन है इनके इनको प्रतिदिन इनाम दिया जाता है। महिलाओं को दो भागों में बांटा गया है जहां 20 साल से लेकर 45 साल तक एवं 45 साल से लेकर 70 साल की महिलाएं लोग भाग ले रही है। शुक्रवार को बहुत पानी गिर रहा था लेकिन सिंधी समाज में गरबा का इतना जुनून था कि लोग 12 बजे रात तक 300 प्रतिभागी बरसते पानी में गरबा किया।

## ढोल बाजे गरबा में रेट्रो थीम की छटा बिखरी



- देवी की प्रतिमा के समक्ष 108 दियों की महा आरती की गई

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

हरदिहा साहू समाज के गरबा ग्राउंड में पंचमी की नवरात्रि के अवसर पर आयोजित ढोल बाजे गरबा नाइट्स में प्रतिभागियों और दर्शकों ने विंटेज सिनेमा का अनोखा आनंद लिया। इस अवसर पर 70, 80 और 90 के दशक के मशहूर फिल्मी कलाकारों की वेशभूषा और अदाओं में सजे-धजे प्रतिभागियों ने अपनी मोहक प्रस्तुतियों से खुशनुमा महौल बना दिया। बरसात की रिमझिम फुहारों के बीच भीगते हुए भी आयोजनों का उत्साह कम नहीं हुआ।

प्रतिभागियों ने मुमताज़, राज कपूर, रेखा, माधुरी दीक्षित, जीनत अमान, बॉबी, हेमा मालिनी, रीता भादुरी जैसी दिग्गज हस्तियों की लोकप्रिय शैलियों और अदाओं को गरबा नृत्य के साथ प्रस्तुत कर दर्शकों से खूब सराहना पाई। दर्शक देर रात तक संगीत, लय और उमंग से सराबोर होकर इस रेट्रो रंगारंग आयोजन के साक्षी बने।

## उमावि दोनर में छात्राओं को साइकिल वितरित



हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दोनर के प्राचार्य एसके चंद्राकर ने बताया कि निःशुल्क सरस्वती साइकिल योजना अंतर्गत एसटी, एससी व बीपीएल की कुल 29 छात्राओं को साइकिल का वितरण किया गया। केशव राम साहू उपाध्यक्ष जनपद पंचायत धमतरी, रामगोपाल चंद्राकर अध्यक्ष शाला विकास प्रबंधन समिति, हलधर चंद्राकर उप सरपंच, दिकेश्वर चंद्राकर सदस्य, भीष्मदेव साहू सदस्य शाला विकास प्रबंधन समिति ने छात्राओं को सरस्वती साइकिल योजना के उद्देश्य से अवगत कराया। इस अवसर पर भगवंत कुमार जैन उपप्राचार्य, हृदयराम रामटेके प्रभारी सरस्वती साइकिल योजना, श्रीमती किरण वैष्णव व्याख्याता, एम बैस ठाकुर व्याख्याता, एसएल साहू व्याख्याता, आरके यादव व्याख्याता,चित्रसेन ध्रुव व्याख्याता, श्रीमती सुनीता व्याख्याता, गणेश बघेल शिक्षक, सत्यनारायण साहू शिक्षक, खेमलाल साहू शिक्षक, शिवनारायण साहू सहायक ग्रेड 3 व अन्य उपस्थित थे।

# 4.66 करोड़ की लागत से बनेगा कुरुद का लॉ कॉलेज

- विधायक के प्रस्ताव पर उच्च शिक्षा विभाग से मिली स्वीकृति

हरिभूमि न्यूज ⏭कुरुद

शिक्षा के क्षेत्र में एक और बड़ी उपलब्धि हासिल हुई है। कुरुद को एजुकेशन हब के रूप में पहचान दिलाने की मंशा से प्रयासरत क्षेत्रीय विधायक अजय चंद्राकर के प्रस्ताव को स्वीकार करते हुए छग शासन उच्च शिक्षा विभाग ने 5 वर्षीय शासकीय बीए एलएलबी महाविद्यालय कुरुद के भवन के निर्माण के लिए 4 करोड़ 65 लाख 84 हजार रुपये की प्रशासनिक स्वीकृति दे दी है। इस स्वीकृति के बाद क्षेत्र में हर्ष का माहौल है।

गौरतलब है कि यह सप्ताह कुरुद विधानसभा के लिए सौगातों भरा रहा है। विगत दिनों करेली बड़ी के मंच से जहां क्षेत्र के लिए मुख्यमंत्री श्री साय ने 244 करोड़ के अनेक विकास कार्यों की सौगात विधायक श्री चंद्राकर की सभी मांगों को पूरा करते हुए दी है। वही अब एलएलबी कॉलेज भवन निर्माण के लिए भी 4 करोड़ 66 लाख की स्वीकृति हो गई है जो उच्च स्तरीय कानूनी शिक्षा प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को न केवल नई दिशा देगी बल्कि समाज सुधार व न्याय व्यवस्था को नई मजबूती प्रदान करेगी। भाजपा नीत विष्णुदेव सरकार के इस निर्णय से कुरुद के युवाओं के लिए नई संभावनाओं के द्वार खुल गए हैं।

### बेहतर मानव संसाधन उत्पन्न करने वाला शहर बनेगा

उल्लेखनीय है कि यहां संचालित गुरु घासीदास शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में डिप्लोमा, डिग्री, पीजी के साथ विभिन्न विषयों में शोध कार्य करने वाले विद्यार्थी पढ़ाई कर रहे हैं। कृषि महाविद्यालय भी संचालित है। अब यहां पालीटेक्निक व पांचवर्षीय बीए, एलएलबी के कोर्स भी शुरू हो रहे हैं। जिसकी आधारभूत मजबूती के लिए शासन लगातार राशि भी स्वीकृत कर रहा है। परिणामस्वरूप नगर का शिक्षा के क्षेत्र में जहां सर्वांगीण विकास होगा वहीं यह एक बेहतर मानव संसाधन उत्पन्न करने वाला शहर भी बनेगा।



### शिक्षा का प्रमुख केंद्र बनकर उभरेगा कुरुद

बता दें कि क्षेत्र में नवोदय, सेंटर ऑफ एक्सीलेंस, आईटीआई, केन्द्रीय विद्यालय, कृषि महाविद्यालय एवं शासकीय महाविद्यालय में अन्य विषयों में स्नातकोत्तर, बीएड, बीपीएड, बायोटेक्नोलॉजी और कंप्यूटर जैसे विषयों में डिग्री होने के बाद विधायक श्री चंद्राकर ने अपनी दूरदर्शी सोच, निःस्वार्थ समाज सेवा की भावना से शिक्षा के क्षेत्र में युवाओं के लिए जो काम किया है वह सदियों तक पीढ़ी को संवारने का काम करेगा। इससे कुरुद का नाम पूरे प्रदेश में शिक्षा के क्षेत्र में एक प्रमुख केंद्र के रूप में स्थापित होगा।

# 40 सालों से हो रही माता की प्रतिमा स्थापित





हरिभूमि न्यूज ⏭सिर्री

**15 सालों से क्षेत्र के श्रद्धालुगण प्रज्वलित कर रहे आस्था के ज्योत**

ग्राम फुसेरा निवासी भाजपा सिर्री मंडल अध्यक्ष डा. लोकेश साहू के निवास में क्वांर नवरात्रि के पर्व में पिछले 40 सालों से माता दुर्गा की प्रतिमा की वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ विधिवत स्थापना की जा रही है। इस बार भी नवरात्रि पर उनके परिवार द्वारा माता की प्रतिमा स्थापित की गई है। साथ ही सिर्री क्षेत्र के गांवों के श्रद्धालु सहित दूर दराज से लोग भी यहां मनोकामना ज्योति प्रज्वलित किए हैं। रोचक बात यह है कि इस बार 77 मनोकामना ज्योति उनके निवास में प्रज्वलित की गई है। श्रद्धालुगण की मान्यता है कि यहां ज्योति प्रज्वलित कराने से उनके कष्ट दूर होते हैं।

ग्रामीणों का मानना है इससे जीवन में सुख समृद्धि आती है। जिसके चलते लोगों में काफी आस्था बढ़ रही है और ज्योति प्रज्जवलन की संख्या प्रत्येक वर्ष लगातार बढ़ रही है।ज्योति की देखरेख एवं सेवा में लोकेश साहू की माता प्रेमलता मानिकराम साहू लगातार 9 दिनों के उपवास करती हैं। इस वर्ष माता की सेवा कर विधि विधान से प्रतिदिन पूजन रायपुर निवासी आचार्य रामेश्वरानंद गिरी महराज के साथ ही 5 पंडा दुखुराम नेताम, शत्रुहन विश्वकर्मा, धर्मेंद्र तारक, दानेंद्र साहू, परमेश्वर नेताम द्वारा संपन्न की जा रही है। 27 सितंबर को पंचमी दिवस पर माता को श्रृंगार चढ़ाया गया। युवराज साहू, लोकेश साहू, पूजा साहू पूर्व सरपंच ने बताया कि 30 सितंबर को अष्टमी दिवस पर हवन पूजन कार्यक्रम संपन्न होगी। मंगलवार को हवन पूजन पश्चात महाप्रसादी वितरण की जायेगी।


## शहीद भगतसिंह को माल्यार्पण कर किया याद




हरिभूमि न्यूज ⏭कोर्रा(भखारा)

ऑल इंडिया डेमोक्रेटिक यूथ आर्गेनाइजेशन द्वारा 28 सितम्बर को कारगिल चौक कुरूद में शहीद ए आज़म भगत सिंह स्मृति दिवस के अवसर पर माल्यार्पण कर सम्मान पूर्वक याद किया गया। जिला प्रभारी जितेंद्र कुमार साहू ने कहा कि आज के दौर में जहां महान मनीषियों व आजादी आंदोलन के क्रांतिकारियों को भुला दिया जा रहा है जिसके कारण छात्र-युवाओं में नैतिकता का ह्रास हो रहा है। इन क्रांतिकारियों के जीवन संघर्षों को पढ़ने से पता चलेगा कि बहुत कम उम्र में ही वे देश समाज के बारे विचार रखते थे। वक्ताओं ने भगत सिंह के जीवन चरित्र का वर्णन किया। इस कार्यक्रम में सागर साहू, राहु निर्मलकर, चिंटू आदि शामिल हुए।

## खबर संक्षेप



### शीतला माता देवालय में जगमगाए आस्था के ज्योत

**नगरी**। सिहावा भैसासांकरा के स्वयंभू शीतला माता देवालय में नवरात्र पर्व पर आस्था के ज्योत जगमगा रहे है। मंदिर देवालय में इस वर्ष घृत ज्योति 1, तेल ज्योति कलश 43 प्रज्वलित हैं। ग्रामवासियों ने इस वर्ष विशेष रूप से मंदिर को सजाया है। समिति द्वारा जसगीत का आयोजन किया जा रहा है। ग्रामीणों ने मिलकर दीप प्रज्वलित कर गांव की खुशहाली की कामना की है। ग्रामीण अध्यक्ष महेश नाग, ओमप्रकाश बिसेन, दिलीप सोम, गजेंद्र यादव योगेश्वर सोम मुगेश ध्रुव श्रवण नागवंशी दिलीप यादव गिरधर चनाप तामस बिसेन प्रयाग बिसेन देवचरण बिसेन उत्तम शांडिल्य वेदप्रकाश श्रीमाली द्वारिकानाथ बिसेन डुम्मन यादव, पिंटू संजय माखन चुम्मन शौर्य तन्वी बिसेन महेंद्र नेताम आदि माता की सेवा में जुटे हुए है।

### रूद्री के शीतला मंदिर में जले 57 ज्योति





**धमतरी**। रूद्री के शीतला माता मंदिर में आस्था के 57 ज्योति कलश स्थापना की गई है। माता के सेवा में ग्राम विकास समिति के सभी सदस्य एवं नगरवासी जुटे हुए है। यह जानकारी सेवक गिरधर साहू ने दी है।

### जिले के सभी स्कूलों में हाजिरी का नया सिस्टम लागू करने की तैयारी

# रजिस्टर में नहीं, मोबाइल में दर्ज होगी छात्रों की हाजिरी

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

अब शिक्षक रजिस्टर में नहीं बल्कि मोबाइल में छात्रों की हाजिरी लेंगे। पायलट प्रोजेक्ट के रूप में यह सिस्टम प्रदेश के पांच जिलों में शुरू हो चुका है। जल्द ही धमतरी जिले में भी इस सिस्टम को लागू कर दिया जाएगा। जिला शिक्षा विभाग में इसकी तैयारी चल रही है। कई शिक्षकों ने मोबाइल एप में अपना रजिस्ट्रेशन भी करवा लिया है।

अब तक शिक्षक हाजिरी रजिस्टर में ही छात्रों की उपस्थिति दर्ज करते आ रहे हैं। अब इस सिस्टम में बदलाव किया जा रहा है। राज्य परियोजना कार्यालय (विद्या समीक्षा केंद्र) द्वारा एक मोबाइल लांच किया गया है। इसी एप में अब शिक्षकों और छात्रों की उपस्थिति दर्ज होगी। प्रदेश के पांच जिलों में यह सिस्टम पायलट प्रोजेक्ट के रूप में सफलतापूर्वक संचालित किया जा रहा है। अब धमतरी सहित अन्य जिलों में भी इसे लागू करने की तैयारी है। इस सिस्टम को चालू करने के लिए शिक्षक को यह एप अपने मोबाइल पर इंस्टाल करना होगा। विभाग द्वारा इसके लिए शिक्षकों को लिंक भी शेयर किया गया है। लिंक को जैसे ही मोबाइल में ओपन करेंगे तो प्ले स्टोर में सीजी वीएसके का एप मिल जाएगा। इसे डाउनलोड कर शिक्षक को रजिस्टर करना होगा। पहले टीचर आईडी, मोबाइल नंबर, ई-मेल आईडी, पासवर्ड बनाना है। नीचे स्कूल के फ्रंट साइड की फोटो अपलोड करनी होगी। रजिस्टर्ड होने के बाद आईडी, पासवर्ड डालने पर डेश बोर्ड खुलेगा, जहां अटेंडेंस ऑप्शन आएगा।



#### आएगी पारदर्शिता

इस सिस्टम से हाजिरी भरने में पारदर्शिता आएगी। शिक्षक न तो अपनी हाजिरी की गलत एंट्री कर सकेंगे और न ही छात्रों की। ऑनलाइन सिस्टम होने के कारण अटेंडेंस को तत्काल ही अधिकारी अपने मोबाइल पर देखकर मॉनिटरिंग कर सकेंगे। यही नहीं अटेंडेंस लेने में वक्त भी कम लगेगा। स्टाफ और हर कक्षा के लिए अलग रजिस्टर रहता है। रजिस्टर खरीदी में होने वाला खर्च भी बचेगा।

#### ऐसे होगा काम

शिक्षक स्कूल के 50 मीटर की रेंज में पहुंचने के बाद ही अपनी उपस्थिति दर्ज कर सकेंगे। इसके बाद वे अटेंडेंस का आप्शन खोलकर कक्षा के हिसाब से छात्रों का अटेंडेंस डाल सकेंगे। उल्लेखनीय है कि शिक्षक द्वारा रजिस्ट्रेशन के बाद ही स्कूल में पढ़ने वाले छात्रों का नाम एप पर दिखने लगेगा। यह जानकारी यूडाइस से अपलोड होगी। सभी छात्रों की उपस्थिति दिखेगी। इसमें से अनुपस्थित छात्रों का नाम मार्क करना होगा। खास बात यह भी है कि मोबाइल में नेटवर्क न होने पर भी एप में उपस्थिति दर्ज हो जाएगी। एप से हाजिरी शुरू होने के बाद स्कूल से अटेंडेंस रजिस्टर हटा लिए जाएंगे।

## आमदी में जलेगा 40 फीट का रावण

हरिभूमि न्यूज ⏭आमदी(धमतरी)



इस वर्ष नगर पंचायत आमदी में विजयदशमी महोत्सव के अवसर पर 40 फीट का रावण दहन किया जाना है। नगर पंचायत आमदी में प्रथम बार 40 फीट का रावण का पुतला दहन होगा। इस संबंध में नगर पंचायत अध्यक्ष ज्योति मुरलीधर साहू, उपाध्यक्ष कोमल यादव ने बताया कि आज तक के नगर पंचायत आमदी में पहली बार 40 फीट का रावण बनाया जा रहा है। इस बार भव्य तरीके से विजयदशमी का पर्व मनाने के लिए पूरी तैयारी की जा रही है। आमदी के गगन साहू रावण का पुतला बनाने में भिड़े हुए हैं। उनके साथ भारत साहू, बब्बी साहू, जगा साहू, भागवत यादव, खूबलाल साहू, हेमंत यादव, देवलाल यादव, आयुष साहू, दीपक साहू मनोज साहू देव साहू प्रदीप साहू विजय साहू वूमेन साहू जागेश्वर साहू तेजराम साहू तामेश्वर साहू देवेंद्र साहू सहयोग कर रहे हैं।

नगर पंचायत के सीएमओ दीपक शुक्ला ने बताया कि रात्रि 8 बजे राधाकृष्ण मंदिर स्कूल चौक वार्ड क्रमांक 13 में रावण दहण होगा। इस अवसर पर रामलीला का भी मंचन किया जायेगा। साथ ही आतिशबाजी भी की जायेगी। श्री शुक्ला ने नगर पंचायत आमदी के समस्त श्रद्धालुओं से विजयादशमी महोत्सव में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थिति की अपील की है।

## सांकरा में आज छत्तीसगढ़ी सांस्कृतिक कार्यक्रम लोक महक की प्रस्तुति



हरिभूमि न्यूज ⏭सांकरा

स्कूलपारा सांकरा में आज सोमवार को रात्रि 8:30 बजे छत्तीसगढ़ी सांस्कृतिक कार्यक्रम लोक महक खल्लारी विकासखंड बागबाहरा जिला महासमुंद की प्रस्तुति होगी। जिसकी तैयारी में श्री राधा कृष्ण बाल मंडली स्कूलपारा सांकरा के अध्यक्ष मनराखन साहू, उपाध्यक्ष कृपाराम साहू, सचिव मायाराम साहू, सहसचिव राजेश वैष्णव, दिलीप साहू, कोषाध्यक्ष खेमराज साहू जुटे हुवे है। श्री राधा कृष्ण बाल मंडली द्वारा कार्यक्रम देखने के लिए लोगों से अधिकाधिक उपस्थित की अपील की है।

## बंगाली दुर्गोत्सव समिति का महाष्टमी हवन मंगलवार को



- पांच दिवसीय कार्यक्रम की शुरूआत रविवार से

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

सार्वजनिक बंगाली दुर्गा पूजा समिति (धमतरी बंगाली एसो.) द्वारा शारदीय दुर्गा उत्सव पूजन का आयोजन किया गया है। सभी कार्यक्रम महाराणा प्रताप रिसार्ट, विवेकानंद कालोनी गली नंबर 3 धमतरी में आयोजित है। समाज के अध्यक्ष संजय भट्टाचार्य ने बताया कि समाज का यह 29वां वर्ष है, जिसमें सभी लोग सामूहिक रूप से दुर्गा पूजा आयोजित करते है। पांच दिवसीय इस कार्यक्रम में 28 सितम्बर रविवार को दुर्गा महाषष्ठी पूजा, 29 सितम्बर सोमवार को दुर्गा महासप्तमी पूजा, 30 सितम्बर मंगलवार को दुर्गा महाष्टमी पूजा सुबह 8.25 रखा गया है। इसमें बाद मंगलवार को ही 1.21 बजे संधि पूजा प्रारंभ होगा। दोपहर 1.45 बजे बलिदान, दोपहर 2.09 बजे पूजा समापन होगा। 1 अक्टूबर बुधवार को दुर्गा महानवमी पूजा, 8.25 सुबह से, हवन सुबह 10 बजे, 2 अक्टूबर गुरूवार को दुर्गा महादशमी पूजा सुबह 9.30 बजे से, पूजा पश्चात प्रतिमावरण एवं विसर्जन होगा। पूजा के बाद पुष्पांजलि 11 बजे, प्रसाद वितरण 12 बजे, संध्या आरती 7 बजे, सांस्कृतिक कार्यक्रम 7.30 बजे प्रतिदिन हो रहा है। भोग प्रसाद वितरण दोपहर 1 बजे प्रतिदिन होता है। अध्यक्ष ने सभी समाजजनों एवं नागरिकों को पूजा में शामिल होने का आग्रह किया है।

## जंगल में निकला शिवलिंग, दर्शन करने के लिए उमड़ रही भक्तों की भीड़



हरिभूमि न्यूज ⏭सांकरा

ब्लॉक मुख्यालय नगरी से महज 13 किलोमीटर की दूरी पर बसे ग्राम पंचायत भोथली के आश्रित ग्राम गीतकारमुड़ा जहां विशेष पिछड़ी जनजाति के अंतर्गत आने वाले कमार परिवार निवासरत रहते हैं। इसी गांव की पुजारी जंगलसिंग कमार को सपना के माध्यम से ज्ञात हुआ कि जंगल में शिवलिंग प्रकट हुआ है, फिर उन्होंने अपने गांव के कुछ लोगों के साथ वन में जाकर इसकी खोजबीन की। वहां जाने के पश्चात जो सपने में देखा गया था वह सच निकला। सच में वहां शिवलिंग ग्राम भोथली एवं गीतकारमुड़ा दोनों जंगल के बीच में प्रगट हुआ है। फिर लोगों ने उस स्थान को साफ सफाई कर पूजा अर्चना करना प्रारंभ कर दिए, जिसे देखने के लिए लोगों की भीड़ लगने लगी है।

## अन्तर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस एवं शपथ ग्रहण समारोह 1 को

**मगरलोड**। अन्तर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस अवसर पर 1 अक्टूबर बुधवार को पेंशनर एसोसियेशन छत्तीसगढ़ प्रदेश पंजीयन क्र. 1844/2007 के प्रांतीय कार्यकारिणी पदाधिकारियों का शपथ समारोह का आयोजन पेंशनर भवन डिपोपारा कुरूद में आयोजित किया गया है। जिसमें पेंशनर एसोसियेशन शाखा मगरलोड के सभी सदस्यों को उपस्थित होने की अपील कार्यालय प्रभारी कोमलसिंह साहू ने की है।

## अमलीडीह में हुआ विकास कार्यों का भूमिपूजन एवं ट्राइसाइकिल वितरण

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



धमतरी विधायक ओंकार साहू ने ग्राम अमलीडीह स्थित शासकीय प्राथमिक शाला प्रांगण में विधायक निधि से कांक्रीटीकरण कार्य हेतु आयोजित भूमिपूजन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित हुए। इस अवसर पर विधायक श्री साहू ने कहा कि ग्राम के सर्वांगीण विकास के लिए आवश्यक सभी बुनियादी सुविधाओं का विस्तार प्राथमिकता के साथ किया जा रहा है। कांक्रीटीकरण कार्य से ग्रामवासियों को लंबे समय तक बेहतर सुविधा प्राप्त होगी। कार्यक्रम के दौरान दिव्यांग भाइयों-बहनों को ट्राइसाइकिल वितरण किया गया। इस पहल का उद्देश्य उन्हें आत्मनिर्भर बनाना और समाज की मुख्यधारा से जोड़ना है। विधायक श्री साहू ने कहा कि शासन की योजनाओं का लाभ हर ज़रूरतमंद तक पहुँचाना ही हमारी प्रतिबद्धता है।

इस अवसर पर ग्राम के सरपंच नेमीन माधव साहू , नीलमणि साहू , रंजीत साहू, टाटेशवर साहू उपसरपंच, दीनानाथ साहू, गोपीचंद साहू, भूपेंद्र साहू, जगदीश राम साहू, गुलाफ राम साहू, डामन साहू, भारत साहू, सोमू साहू, प्रति साहू , जमुना साहू, पूर्णिमा साहू, उषा बाई साहू, लक्ष्मी निर्मलकर, ललित साहू, सावित्री यादव, श्रवण यादव, मीनाक्षी देवदास, टेकराम साहू, डोमेंद्र साहू साथ में बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे।

## कंडेल कॉलेज के छात्र का राष्ट्रीय कबड्डी में चयन




हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

गौरव ग्राम कंडेल में के शासकीय महाविद्यालय ने एक उपलब्धि अपने नाम किया। बीए तृतीय सेमेस्टर के छात्र हेमचंद साहू का चयन पूर्वी क्षेत्र अंतर विश्वविद्यालय कबड्डी पुरुष प्रतियोगिता के लिए हुआ है। यह प्रतियोगिता 6 अक्टूबर से 9 अक्टूबर तक डॉ. सीवी रमन विश्वविद्यालय बिलासपुर में होगी।

कॉलेज के क्रीड़ा प्रभारी कमलेश कुमार दीवान ने बताया कि महाविद्यालय के लिए यह गौरवपूर्ण क्षण है कि महाविद्यालय के छात्र हेमचंद राष्ट्रीय कबड्डी प्रतियोगिता के लिए हुआ है। उसके चयन से महाविद्यालय परिवार, छात्र-छात्राओं और खेल प्रेमियों में हर्ष की लहर व्याप्त है। महाविद्यालय के प्राचार्य रविश दास ने कहा कि यह उपलब्धि छात्र की मेहनत, क्षमता और महाविद्यालय के खेल संस्कृति और बेहतर मार्गदर्शन का प्रमाण है। महाविद्यालय के जन भागीदारी समिति के अध्यक्ष दिनेश्वरी रोशन साहू ने कहा कि खिलाड़ी हेमचंद निरंतर अभ्यास और मेहनत से इस मुकाम तक पहुंचे हैं। महाविद्यालय प्राध्यापक पीतांबर सिन्हा, लक्ष्मीनारायण, लक्ष्मण सेन, संजय पवार, नूतन कुमार दीवान, डॉ. ऋचा शुक्ला, मनु नारायण सारथी, डॉ. संगीता गोयल, सुश्री सविता लहरे, टिकेंद्र वर्मा, सुश्री दीक्षा सोम, टेकेश्वर साहू, राधिका साहू, डोमन लाल यदु, शशिप्रभा ने छात्र की इस उपलब्धि के लिए हर्ष व्यक्त किया है।

## भव्य चुनरी शोभायात्रा निकालकर माता को श्रृंगार चढ़ाया





**नगरी**। नगरी नगर में पंचमी दिवस के अवसर पर सुबह से रात्रि तक माँ दुर्गा की पूजा अर्चना करने के लिए बड़े छोटे छोटे बच्चे महिलाओं पुरुष की भीड़ दिखाई दी। नवरात्र पर्व के पावन अवसर पर नगर में भव्य चुनरी शोभायात्रा का आयोजन शनिवार को श्री सनातनी युवा संगठन नगरी के तत्वावधान में किया गया। माता रानी की चुनरी शोभायात्रा का शुभारंभ शाम 6बजे किया गया। जंगलपारा वार्ड क्रमांक 05-06 से होते दुर्गावती चौक ,बस स्टैंड नगरी, बजरंग चौक से राजा बाड़ा नगरी पहुंचे और मां दुर्गा की पूजा अर्चना विधि विधान से कर सोलह श्रृंगार चढ़ाया गया। इस धार्मिक यात्रा में बड़ी संख्या में नगर के लोग शामिल हुए। कार्यक्रम में देवी कृपा धुमाल ग्रुप नगरी की विशेष प्रस्तुति रही।

## जोरातराई में लोक कला कार्यक्रम का आयोजन आज



**अंवरी**। ग्राम जोरातराई में नव ज्योति दुर्गा उत्सव समिति स्कूल चौक रंगमंच द्वारा दुर्गा स्थापना का भव्य आयोजन किया गया है। यह परंपरा विगत 40 वर्षों से लगातार जारी है।नवरात्रि पर्व के अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम अंतर्गत सोमवार 29 सितंबर को लोक कला मंच सुरता कृत जितेंद्र जलक्षत्री, रायपुर की मनमोहक प्रस्तुति होगी। यह आयोजन संस्कृति विभाग एवं ग्रामवासियों के सहयोग से संपन्न होगा। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि विधायक धमतरी ओंकार साहू करेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता भारत नहर, उपाध्यक्ष जिला कांग्रेस कमेटी धमतरी करेंगे। समिति के सदस्य एवं विभिन्न सामाजिक संगठनों के पदाधिकारी इस अवसर पर विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। आयोजन संबंधी जानकारी ग्राम पटेल महेंद्र साहू ने दी।

## करेली छोटी स्कूल में 30 बालिकाओं को मिली साइकिल



हरिभूमि न्यूज ⏭मगरलोड

शाउमावि करेली छोटी में कक्षा 9वीं में अध्ययनरत 30 बालिकाओं को साइकिल वितरित की गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सरपंच डॉ परमेश्वर साहू और विधायक प्रतिनिधि प्रेमाराम साहू थे। उन्होंने बताया कि साइकिल मिलने से छात्राओं के समय और परिश्रम दोनों की बचत होगी तथा उनकी शिक्षा में निरंतरता बनी रहेगी। शाला प्रबंधन समिति के सदस्य सुकलाल प्रजापति, प्राचार्य एनके साहू ने भी अपने विचार रखे। मौके पर व्याख्याता वायके बनपेला, आर. अग्रवाल, एमएस कपूर, एनआर मोहिते, जेके नाग, डीके बंजारे, जीआर निषाद, एलएन साहू, केके तंबोली, विज्ञान सहायक शिक्षक उमेश्वर साहू, वोमिका सेन, साइकिल वितरण कार्यक्रम प्रभारी एकता प्रजापति, केके धृतलहरे, सत्यवती नेताम, धरम नेताम, चिंताराम साहू उपस्थित थे।

### इतवारी बाजार अपडेट : टमाटर, लौकी सस्ता, करेला गोभी के दाम आसमान पर

# असमय बारिश से हरी सब्जियों का उत्पादन प्रभावित, चिल्हर में रेट बढ़े, उपभोक्ता परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



अंचल में पिछले 15 दिनों से हो रही असमय बारिश से सब्जी बाड़ियों की हालत खराब कर दी है। बाड़ियों में पानी का जमावड़ा व धूप की कमी से हरी सब्जियों का उत्पादन प्रभावित हुई है। चिल्हर बाजार में रेट आसमान पर होने से उपभोक्ता परेशान है। सब्जियों में कीड़े लगने के कारण कुछ सब्जियों के दाम काफी कम हो गए हैं। वहीं कुछ अच्छी फ्रेस सब्जियों के दाम 80 से 100 रूपये किलो तक पहुंच गया है। सब्जियों के असामान्य रेट से ग्राहक पसरा में रेट पूछकर आगे बढ़े रहे हैं जहां सस्ती सब्जी दिखी तो उसी को खरीदने में लगे हैं। बाजार में भीड़ तो है लेकिन लेवाली कमजोर है।

शहर के इतवारी बाजार में रविवार को शाम 4 बजे ग्राहकी अच्छी रही। दूरदराज से पहुंचे ग्राहक सस्ती सब्जियां खरीदकर वापस लौट गए। सब्जी विक्रेता देवकुमार साहू ने बताया कि बदली बारिश की वजह से टमाटर 20 रूपये किलो बिक रहे हैं। अन्य विक्रेता अनिल पटेल ने बताया कि भटा, कुम्हड़ा, केला, पत्ता गोभी, डोड़का, मूली जैसी सब्जियों के दाम 40 रूपये किलो हो गया। लौकी 10 से 15 किलो। कुंदरू, बरबटी, भिंडी, हरी, मिर्च, तोराई 50 रूपये किलो हो गया। गाजर, करेला, लालभाजी, चौलाई भाजी आदि 60 रूपये किलो बिका। ग्वारफल्ली, कोचई, परवल, सेमी, पालक 80 रूपये किलो रहा। गोभी 80 से 100 रूपये किलो बिका। शिमला मिर्च, प्याज भाजी 100 रूपये किलो रहा। बिंस, खेखसी 150, मुनगा 160, हरा धनिया 250-350 रूपये किलो बिका।

#### आलू-प्याज 20 रूपये किलो पर स्थिर

बरसाती मौसम में उपभोक्ताओं के लिए राहत भरी खबर है। आलू प्याज क्रमशः 20 रूपये किलो पर स्थिर है। पिछले 3 माह से कोई भी कटौती, बढ़ोत्तरी नहीं हुई है। वही किराना सामानों के रेट लगभग स्थिर है। किराना भाई रामजी भाई ने बताया कि रविवार को शक्कर 46, गुड़ 55, हल्दी 200, मिर्च बेस्ट 200, धनिया बेस्ट 130, जीरा 250, काली मिर्च 820, लहसून 90, रिफाइंड तेल पाउच 125, सरसों 75, मेथी 80, राहर दाल 90-110, मूंगदाल 100, उड़द दाल 100, मसूर दाल 90, चना देशी 80, काबुली 110-140, मटर 60-90, चना दाल 85, पोहा 45, खड़ा मसूर 80 रूपये किलो बिका। अंडा 75 रूपये दर्जन रहा।

मनोकामना के लिए हजारों भक्त डालेंगे हवन कुंड में आहूति, नवकन्या भोज, प्रसादी वितरण होगा

# पंडालों एवं मंदिरों में आज महाअष्टमी हवन

- अष्टमी : सोमवार को गंगरेल के अंगारमोती, शहर के विंध्यवासिनी मंदिर में मंगलवार को

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

नवरात्र के आठवें दिन सोमवार को देवी मंदिरों, पंडालों, जोत-जंवारा बोए घरों में आज सोमवार को शुभ मुहूर्त में अष्टमी हवन होगा। भक्तगण हवन कुंड में मनोकामना के लिए आहुति डालेंगे। उपवास क्रम पर ब्रेक लगेगा। विसर्जन का सिलसिला प्रारंभ हो जाएगा। नवकन्या भोजन के साथ भोग भंडारा प्रसादी वितरण होगा।

विदित हो कि शहर के सभी देवी मंदिरों में नवरात्रि में माता की विशेष पूजापाठ आराधना महाअष्टमी को हो रही है। भक्तगण उपवास रखकर मंदिरों में मनोकामना ज्योति कलश प्रज्वलित करवाएं हैं। अलसुबह 4 बजे से देर रात्रि तक मंदिरों में भक्तों की भीड़ लगी हुई है। दूरदराज से भक्तगण चार पहिया वाहनों में सवार होकर मंदिर में दर्शन के लिए पहुंच रहे हैं। पूरे 9 दिन तक मंदिरों में भक्तों का मेला लगा है। नवरात्र में अंचल पूरी तरह धार्मिकमय हो गया है। हिन्दू धर्म के प्रति आस्था रखने वाले भक्त इस नवरात्र को महोत्सव के रूप में मनाते हैं।

शहर के आराध्य देवी मां विंध्यवासनी मंदिर-बिलाईमाता में





इस वर्ष मंगलवार को शाम 4 बजकर 30 मिनट में हवन प्रारंभ होगा जो 6.08 बजे तक चलेगा। मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष आनंद पवार ने बताया कि 30 सितंबर मंगलवार को शाम 4 बजे हवन-पूजन होगा। इसी के साथ नौकन्या भोग प्रसादी वितरण होगा। मंदिर परिसर में 2400 के आसपास ज्योति कलश प्रज्वलित की गई है। जहां दर्शन के लिए भक्तगण पहुंच रहे हैं।

इसी तरह कुछ मंदिरों एवं पंडालों में मंगलवार को अष्टमी हवन का कार्यक्रम रखा गया है। कुछ मंदिरों में सोमवार को अष्टमी हवन होगा।

आठवें दिन सोमवार को अष्टमी पर गंगरेल स्थित मां अंगारमोती मंदिर में हवन-पूजन का कार्यक्रम शाम 4 बजे रखा गया है। मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष जीवराखन लाल मरई ने बताया कि



मंदिर प्रांगण में इस वर्ष भक्तों द्वारा 5500 से अधिक ज्योत कलश प्रज्जवलित की गई है। शाम 4 बजे शुभ मुहुर्त में अष्टमी का हवन-पूजन महाआरती होगा। प्रतिदिन हजारों भक्त दर्शन के लिए यहां पहुंच रहे हैं। नौ दिनों तक जसगीत सहित विभिन्न कार्यक्रम आयोजित हो रहे हैं। हवन-पूजन के बाद विशाल भंडारा का आयोजन किया गया है जिसमें 10 हजार से अधिक भक्तों के लिए प्रसादी दाल, चावल, सब्जी, खीर, पुड़ी, मिठाईयां आदि बनाए गए हैं। ट्रस्ट अध्यक्ष श्री मरई ने सभी भक्तों को अष्टमी हवन में शामिल होने का आग्रह किया है।



## बारिश से अभी राहत नहीं, कल से फिर वर्षा की संभावना

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

बारिश से अभी राहत मिलने के आसार नहीं है। दो दिन बाद फिर पूरे प्रदेश में वर्षा गतिविधि तेज होने की संभावना है। दक्षिण पश्चिम मानसून की वापसी जारी है। वापसी रेखा के रावल, भरूच, उज्जैन, झांसी, शाहजहांपुर से होकर गुजर रही है। पश्चिम विदर्भ तथा आसपास क्षेत्र में सुस्पष्ट निम्न दाब बना है। सुस्पष्ट दाब क्षेत्र से दक्षिण छत्तीसगढ़, उत्तरी आंध्रप्रदेश होते हुए बंगाल की खाड़ी तक द्रोणिका बनी हुई है। 1 अक्टूबर को बंगाल की खाड़ी तथा आसपास क्षेत्र में निम्नदाब का क्षेत्र बनने की संभावना है। इसके प्रभाव से सोमवार को प्रदेश के कुछ स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश तथा एक दो स्थानों पर भारी वर्षा की संभावना है। दो दिन बाद प्रदेश के अनेक स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा तथा एक दो स्थानों पर भारी वर्षा तथा मेघगर्जन के साथ वज्रपात हो सकती है।



## बोरझरा में रास गरबा का समापन आज

- नवरात्रि पर नारी जागरण महिला समूह द्वारा किया जा रहा आयोजन

**अंवरी।** ग्राम बोरझरा में 19 सितम्बर को नारी जागरण महिला समूह का गठन किया गया। समूह के द्वारा नवरात्रि के तृतीय दिवस बच्चों के लिए खेल एवं महिलाओं के लिए गरबा का आयोजन महावीर चौक में किया गया। 29 सितम्बर को रास गरबा का समापन कार्यक्रम रखा गया है। समूह के पदाधिकारी गामिनी साहू शिक्षिका एवं टुकेश्वरी साहू शिक्षिका ने बताया कि समूह में ग्राम के शिक्षित एवं सक्रिय महिलाओं को जोड़ा गया है। समूह में कुल 25 सदस्यों की सहभागिता है। इनका उद्देश्य है कि महिलाओं द्वारा स्वयं तथा समाज के आर्थिक सामाजिक तथा मानसिक स्थिति में सुधार करना आपसी सहयोग प्रदान करना साथ में मनोरंजन संबंधी गतिविधियों का आयोजन करना है। इस गरबा में बड़ी संख्या में महिला एवं बच्चे भाग लेकर आनंद ले रहे हैं। कार्यक्रम में पुष्पलता साहू, उमेश्वरी साहू, भुवनेश्वरी साहू, सुकेश्वरी साहू, गामिनी साहू, जागृति साहू, मधु साहू, लक्ष्मी साहू, ललित साहू, राधिका साहू, अमित साहू, कामेश्वरी, जमुना, सुमन पटेल, पूनम पटेल, दुर्गेश्वरी पटेल, दीपिका सिंह, सुनंदा, लोकेश्वरी की सक्रिय भूमिका निभा रही हैं।






### छत्तीसगढ़ी सांस्कृतिक कार्यक्रम पैरी लोक लहर आज

**नगरी।** नव आनंद कला मंदिर नगरी द्वारा आयोजित नगर स्तरीय नवदुर्गा एवं विजयदशमी महोत्सव के अवसर पर आयोजित हो रहे विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों की कड़ी में 29 सितंबर सोमवार को छत्तीसगढ़ी लोक कला, इतिहास, परंपरा और भाषा पर आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रम पैरी लोक लहर ग्राम कोचबाय गरियाबंद का आयोजन किया गया है। जिसमें छत्तीसगढ़ी करमा ,सुवा, ददरिया , पारंपरिक लोकगीत गीतों तथा प्रहसन की प्रस्तुति होगी।







